रोहतक
शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
पंचमी वर्ष : 30, अंक : 267
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 31.5°C
न्यून. 13.6°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 एथलीट आयोग के लिए मीराबाई सिंधू के नामांकन पाए गए वैध

खबर संक्षेप

लेह व करगिल में नगर निकाय चुनाव 21 को

नई दिल्ली। लेह और करगिल की नगर समितियों (कुल 38 वार्ड) के लिए चुनाव 21 नवंबर को होंगे। यहां आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और यह 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। लद्दाख में पिछली बार पंचायत और नगर निकाय चुनाव 2018 में हुए थे, जब यह तत्कालीन जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा था। दोनों नगर समितियों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। 21 वार्डों वाली लेह नगर समिति और 17 वार्डों वाली करगिल नगर समिति के लिए मतदाता सूची पब्लिश कर दी गई है। ये चुनाव 'जम्मू-कश्मीर नगर अधिनियम, 2000' और 'जम्मू-कश्मीर नगर समिति (चुनाव) नियम, 2003' के तहत कराए जा रहे हैं। *एजेंसी*

1 रुपया कम रिफंड दिया रेलवे अब लौटाएगा 3100

नई दिल्ली। ट्रेन टिकट कैंसिल करने पर 1 रुपया कम रिफंड करना आईआरसीटीसी को महंगा पड़ गया। कासरगोड जिला उपभोक्ता आयोग ने आईआरसीटीसी को आदेश दिया है कि वह यात्री को 1 रुपया लौटाए, साथ ही 3100 रुपये हर्जाना और मुकदमे का खर्च भी दे। आयोग ने 1 रुपये पर 9% ब्याज भी लगाया है। सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 100 रुपये मुआवजा देने को कहा। इसके अलावा, मुकदमे का खर्च 3000 रुपए देने का आदेश दिया। आईआरसीटीसी को 30 दिन में भुगतान करना होगा। *एजेंसी*

डिजिटल अरेस्ट की जिम्मेदारी लें बैंक, पीड़ित को हर्जाना दें

फ्रॉड के बढ़ते मामलों को लेकर शीर्ष कोर्ट ने जताई चिंता कहा-शिक्षित लोग भी शिकार बन रहे, ठगी रोकना जरूरी

साल 2026 में 800 करोड़ से ज्यादा की ठगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर गुरुवार को चिंता जताई। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि जागरूकता अभियान और लगातार खबरें आने के बावजूद शिक्षित लोग भी इन घोटालों का शिकार कैसे हो रहे हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कमेंट किया, 'अगर बैंक की लापरवाही के कारण साइबर ठगी होती है तो बैंक पीड़ित को मुआवजा दें और जिम्मेदारी तय होने पर कार्रवाई का सामना करें। यह अभी प्रस्ताव है, अंतिम आदेश नहीं।' 2026 में देश में डिजिटल अरेस्ट के 22 हजार से ज्यादा मामले दर्ज हुए। साइबर अपराधियों ने लोगों से 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी की है। वहीं, 2025 में डिजिटल अरेस्ट के 58,239 केस सामने आए थे और करीब 1211 करोड़ रुपये की रकम ठगी गई थी।



कोर्ट ने दिए ये सुझाव

- सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि केवल घटना के बाद रिपोर्ट तैयार करना पर्याप्त नहीं है, ठगी को रोकने के लिए पहले से इंतजाम जरूरी हैं।
- खाते में असामान्य लेन-देन होने पर बैंक उसे वेरिफाई तक अस्थायी रूप से क्यों नहीं रोक सकते। संदिग्ध ट्रांजैक्शन की जांच और उसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी जाए।
- आरबीआई के प्रस्तावित नियमों में उन मामलों में पीड़ितों को मुआवजा देने का प्रावधान होना चाहिए, जहां वित्तीय संस्थान जरूरी सावधानी बरतने में विफल रहे हों। अदालत ने आरबीआई से अधिकृत वित्तीय संस्थानों की सूची भी मांगी।
- सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई से प्रस्तावित केवाईसी संशोधन निर्देश, 2026 की समीक्षा करने और सभी अधिकृत वित्तीय संस्थानों की सूची पेश करने को कहा।

पीड़ित मानसिक दबाव में दे देते हैं पैसे

विशेषज्ञों का मानना है कि गिरफ्तारी के डर से लोग मानसिक दबाव में आकर ठगों के निर्देश मान लेते हैं और अपनी जमा-पूंजी गंवा बैठते हैं। हाल ही में एक महिला से डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 2.5 करोड़ रुपये की ठगी हुई। मानसिक दबाव के चलते वह अपना पैसा खो बैठी।

पटाखों पर पूरी तरह रोक के पक्ष में नहीं सुप्रीम कोर्ट

कोर्ट ने कहा, एक संतुलित आदेश पारित करेंगे | आदेशों को जमीन पर लागू करने को कहा | कोहली से बिना पटाखे दिवाली की अपील कराएं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाने के पक्ष में नहीं है। कोर्ट ने अधिकारियों से आदेशों को जमीन पर लागू करने को कहा। दिल्ली-एनसीआर में पटाखे जलाने से जुड़े मामले की सुनवाई जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने की। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दिल्ली सरकार और कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट की ओर से प्रदूषण रोकने के उपाय बताए। बेंच ने कहा, "जमीन पर लागू किए बिना आदेश और निर्देश देने का कोई मतलब नहीं है। ऐसा नहीं हुआ तो यह मजाक बन जाएगा।"



यह मुद्दा हर जीवित प्राणी से जुड़ा

- यह मामला किसी के खिलाफ नहीं है। अधिकारियों को पटाखों को सही तरीके से नियंत्रित करना होगा। हम हर साल संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं, लेकिन सभी के सहयोग के बिना यह नहीं हो सकता।
- हर साल आदेश देने का कोई मतलब नहीं है, अगर उन पर अमल नहीं होता। यह मुद्दा हर जीवित प्राणी से जुड़ा है। अधिकारियों को इसे गंभीरता से लेना होगा और मौके पर जाकर कार्रवाई करनी होगी।
- खेल जगत की प्रमुख हस्तियों विराट कोहली और दूसरे लोगों की सेवाएं जन-जागरूकता के लिए क्यों नहीं ली जा सकतीं। हर साल आदेश दिए जाते हैं और मामला केवल कागजों तक रह जाता है।

हरियाणा में 'अर्नब' का असर, 10 जिलों में बारिश, आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

प्रदेश में भी चक्रवाती तूफान अर्नब का असर दिखाई दे रहा है। गुरुवार को पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद, नारनौल, यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला, जींद, कुरुक्षेत्र, करनाल और रोहतक जिलों के कई हिस्सों में बारिश हुई। पूरा दिन बूंदाबांदी के बाद काली घटा छाई रही। मौसम विज्ञान ने 15 जिलों में बरसात और तेज हवा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। प्रदेश में शुक्रवार को भी ऐसा ही मौसम बना रहेगा। गरज-चमक के साथ 50 से 60 किमी की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।



घरौंडा मंडी में भीगा धान

ऑरेंज अलर्ट जारी कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है

ओडिशा में साइक्लोन से बाढ़, 300 गांवों में लोग फंसे

एमपी-राजस्थान सहित 15 राज्यों में बारिश से ठंड बढ़ी

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान अर्नब भले ही कमजोर पड़ गया है लेकिन देश भर में इसका असर जारी है। चक्रवात ने सबसे ज्यादा ओडिशा और आंध्र प्रदेश में तबाही मचाई है। दोनों राज्यों में करीब 6 लोगों की मौत हुई है। ओडिशा के गंजाम जिले में लगातार 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। करीब 300 गांवों में बाढ़ आ गई है। राज्य में अब तक करीब 30 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वहीं, आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में एक रेलवे पुल पानी में डूब गया है, जिसके चलते दोनों ओर से ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई है।

गन्ना किसानों को तोहफा : 35 रुपये बढ़ा दाम

इस बार 430 व अगले वर्ष 450 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा भाव

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेश के गन्ना किसानों के हित में कदम उठाते हुए अगले दो वर्षों के लिए गन्ने के भाव में बढ़ोतरी की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि वर्ष 2026-27 के सीजन में गन्ने का भाव 15 रुपये बढ़ाकर 430 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। वहीं, 2027-28 में 20 रुपये बढ़ाकर 450 रुपये प्रति क्विंटल किया जाएगा। इस तरह दो वर्षों में गन्ने के भाव में कुल 35 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि आमतौर पर गन्ने की पैदावार 700 से 800 क्विंटल प्रति हेक्टेयर होती है। इस आधार पर गन्ने के भाव में बढ़ोतरी से किसानों की आय प्रति सीजन, प्रति एकड़ 10 हजार रुपये से 11 हजार 300 रुपये तक बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों कई किसान संगठनों से मुलाकात के दौरान किसानों ने डीजल, मजदूरी और खाद की कीमतें बढ़ने से खेती की लागत बढ़ने की चिंता व्यक्त की थी। गन्ने का भाव 450 रुपये प्रति क्विंटल करने से किसानों को बढ़ी हुई लागत की भरपाई में भी मदद मिलेगी। इससे गन्ने की अधिक पैदावार होगी और चीनी मिलों को पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध हो सकेगा।



किसानों के हित में मुख्यमंत्री सैनी की बड़ी घोषणा
बोले-प्रति एकड़ आय 11000 तक बढ़ेगी

अब नीले ड्रम में मिला पांच करोड़ रुपये कैश

प्रयागराज में पुलिस पड़ोसी से झगड़े की जांच करने पहुंची तो राज खुला

प्रयागराज (एजेंसी)। प्रयागराज में नीले ड्रम में 5 करोड़ रुपये कैश मिले हैं। 500-500 रुपये की गड्डियां कपड़े में लपेटी गईं और इन्हें जमीन में गाड़कर रखा गया था। मामला प्रयागराज से 32 किमी दूर बरईपुर गांव में राकेश यादव के घर का है। बुधवार रात को पुलिस ने रकम बरामद की। 5-6 दिन पहले राकेश का पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों से झगड़ा हुआ था। राकेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। पुलिस पहुंची तो राकेश की दरोगा से बहस हो गई। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो घर के अंदर करोड़ों रुपये छिपाने की कहानी सामने आई।

पुलिस ने बिजली काटकर मारी रेड

नवाबगंज इलाके के बरईपुर गांव में राकेश यादव उर्फ महाकाल का पुश्तैनी मकान है। पुलिस को राकेश के घर में चोरी के रुपये जमीन में गाड़कर रखने का इनपुट मिला था। यह बात पुलिस कमिश्नर पीयूष मोर्डिया तक पहुंची। इसके बाद बुधवार शाम 6 बजे डीसीपी (गंगानगर) सोनम कुमार और एडीसीपी पुष्कर वर्मा समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इससे पहले पुलिस ने पूरे गांव की बिजली कटवा दी। फिर सर्च अभियान शुरू किया। इस दौरान सोरांव के एसीपी श्यामजीत प्रमिला सिंह भी मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं से फीडबैक मांगा

इंडिया गठबंधन में शामिल हो सकती है सीजेपी

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने इंडिया ब्लॉक की एक नवंबर की रैली का समर्थन किया है। सीजेपी नेता आशुतोष रांका ने कहा कि पार्टी समर्थक रामलीला मैदान में होने वाली रैली में शामिल हो सकते हैं। सीजेपी ने इंडिया ब्लॉक में शामिल होने के संकेत भी दिए हैं। इस पर कार्यकर्ताओं से फीडबैक मांगा है। वहीं, राहुल गांधी ने गुरुवार को छात्र संगठनों से भी 1 नवंबर के दिल्ली चलो मार्च में आने की अपील की है। उन्होंने एक्स पर वीडियो जारी कर कहा कि पुलिस-लाठीचार्ज की चिंता नहीं करें। घबराने की जरूरत नहीं है। इस रैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर इंडिया ब्लॉक की बैठक हुई। इसमें प्रियंका गांधी समेत गठबंधन के कई नेता पहुंचे। इंडिया ब्लॉक और सीजेपी दोनों ही एसआईआर और वोटरों के नाम काटे जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

एक नवंबर की रैली को दिया समर्थन
●
राहुल बोले-छात्र संगठन भी मार्च में आएं

ये किसी राजनीतिक पार्टी का मार्च नहीं : राहुल

राहुल ने कहा कि यह किसी एक राजनीतिक पार्टी का मार्च नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को बचाने का मार्च है। एक नवंबर का मार्च लोकतंत्र बचाने, वोट चोरी रोकने और संविधान की रक्षा के लिए है। अगर किसी को लगता है कि देश के लोकतंत्र, संविधान, विचारों और अपनी बात रखने की आजादी पर हमला हो रहा है तो उसे इस मार्च में शामिल होना चाहिए।

इलेक्ट्रिक ट्रेन को बनाया निशाना

रूस का यूक्रेन के रेलवे स्टेशन पर ड्रोन हमला, 14 की मौत

कीव (एजेंसी)। यूक्रेन के मध्य में स्थित निप्रो शहर में गुरुवार सुबह रूसी ड्रोन ने रेलवे स्टेशन पर हमला किया। अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। शहर के मेयर बोरिस फिलातोव ने कहा कि ड्रोन ने यात्रियों को ले जाने वाली इलेक्ट्रिक ट्रेन को निशाना बनाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले को भयावह बताया। उन्होंने रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग की, ताकि ऐसे हमलों को रोका जा सके।

इस साल रेल नेटवर्क पर 1600 हमले

प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी ट्रेन

यूक्रेन की सरकारी रेलवे कंपनी के मुताबिक, ड्रोन ने उस प्लेटफॉर्म को निशाना बनाया, जहां निप्रो से जापोरिजिया जाने वाली ट्रेन नंबर 866 खड़ी थी। ट्रेन रवाना होने की तैयारी में थी। रेलवे कंपनी ने बताया कि खतरे को लेकर चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन इसके बावजूद प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



बोर्ड ने वर्ष 2028 के लिए एग्जाम पैटर्न जारी किया

सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 5 विषय अनिवार्य, स्किल सब्जेक्ट चुन सकेंगे

दो भाषाएं, मैथ, साइंस और सोशल साइंस की परीक्षा देनी होगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने गुरुवार को 2028 की 10वीं बोर्ड परीक्षा का पैटर्न बताया। इसमें छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा में 5 सब्जेक्ट अनिवार्य होंगे। इसके अलावा वे एक अतिरिक्त स्किल सब्जेक्ट चुन सकेंगे। इस सब्जेक्ट से मैथ, साइंस या सोशल साइंस में फेल होने पर भी छात्रों को परीक्षा पास करने में मदद मिल सकती है। बोर्ड ने यह भी बताया कि इंटरडिसिप्लिनरी एरिया और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के मॉड्यूल स्टडी स्कीम में शामिल नहीं होंगे। यह बदलाव उन छात्रों पर लागू होगा, जो 2026-27 में 9वीं कक्षा में पढ़ रहे हैं और 2028 में 10वीं की बोर्ड परीक्षा देंगे। इससे मौजूदा 10वीं कक्षा के छात्रों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

वोकेशनल एजुकेशन अनिवार्य होगा

सीबीएसई की डायरेक्टर (एकेडमिक्स) प्रज्ञा एम. सिंह ने बताया कि 2028 में 10वीं की बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए वोकेशनल एजुकेशन अनिवार्य होगा। इसके लिए छात्र कौशल विकास सब्जेक्ट या बोर्ड के 22 स्किल सब्जेक्ट्स में से कोई एक चुन सकेंगे। इसके लिए छात्रों के पास दो ऑप्शन होंगे। वे स्कूल में आंतरिक मूल्यांकन दे सकते हैं या बोर्ड परीक्षा देकर राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त स्किल सर्टिफिकेट हासिल कर सकते हैं।

कक्षा 9वीं और 10वीं में थ्री लैंग्वेज पॉलिसी अनिवार्य

सीबीएसई ने अपने सभी स्कूलों में कक्षा 9वीं और 10वीं में थ्री लैंग्वेज पॉलिसी अनिवार्य कर दी है। इसके तहत 9वीं और 10वीं के बच्चों को तीन भाषाओं की पढ़ाई करनी होगी। इनमें से 2 भारतीय भाषाएं होनी चाहिए। इस फैसले से 9वीं और 10वीं को मिलाकर लगभग 50 लाख बच्चे प्रभावित होंगे। साथ ही इस साल 10 वीं के बच्चों को तीसरी भाषा का पेपर नहीं देना होगा।

खबर संक्षेप

विश्व स्ट्रोक दिवस पर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने विश्व स्ट्रोक दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है, ताकि स्ट्रोक (मस्तिष्क के दौरे) के खतरों से मुक्त रहा जा सके। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिला सिविल अस्पतालों में बेहतर स्ट्रोक केयर सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्ट्रोक जैसी आपात स्थिति में हर मिनट जरूरी होता है, इसलिए सही समय पर इसके लक्षणों की पहचान करना और तुरंत इलाज पाना बेहद महत्वपूर्ण है।

धरोहर शास्त्री इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ

चंडीगढ़। हरियाणा राज्य अभिलेखागार विभाग द्वारा राज्य की प्रशासनिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अभिलेखी धरोहर के संरक्षण, प्रबंधन और अध्ययन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धरोहर शास्त्री इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है, जो हरियाणा की दस्तावेजी विरासत से सीखने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है, जो अनुभवात्मक शिक्षा, कौशल विकास एवं धरोहर जागरूकता को प्रोत्साहित करता है। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह इंटर्नशिप कार्यक्रम विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं आम नागरिकों को अभिलेखी कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा।

रामलीला मैदान रैली की तैयारी में जुटी कांग्रेस

चंडीगढ़। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी संजय दत्त के मार्गदर्शन में और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में फरीदाबाद, पलवल, नूंह और गुरुग्राम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं जिला पदाधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ–देश बचाओ' महारैली की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा हरियाणा से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति पर मंथन करने के बाद दिशा-निर्देश दिए गए।

गुजरात दौरे से लौटे मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और आप पर साधा निशाना

'मोहब्बत की दुकान' में जहर बेच रहे राहुल गांधी : नायब

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर भी आपत्ति जताई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह 'मोहब्बत की दुकान' खोलने की बात करते हैं, लेकिन उनकी दुकान में जहर बेचने का काम हो रहा है। देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस की सच्चाई जानती है। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि उनकी मोहब्बत की दुकान में 1984 के दंगों और कांग्रेस शासनकाल में लोगों के घरों व दुकानों को जलाने जैसी घटनाओं के लिए भी जगह है या नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों, किसानों और देश को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस जनहित की योजनाओं का भी विरोध करती है। गुजरात दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने और भारत को दुनिया का अग्रणी राष्ट्र बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। गरीब परिवारों तक उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर पहुंचाने, जरूरतमंदों को इलाज की सुविधा देने और किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत सालाना छह हजार रुपये पहुंचाने जैसे कदम इसी दिशा में उठाए गए हैं।

1984 के दंगों को लेकर कांग्रेस से सवाल



मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' के नारे पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में 1984 के दंगों में लोगों को जान गंवानी पड़ी। हरियाणा में भी कांग्रेस शासन के दौरान लोगों के घरों और दुकानों को जलाने तथा दलितों की बस्तियों में आगजनी की घटनाएं हुईं। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि क्या इन घटनाओं को भी उनकी मोहब्बत की दुकान में जगह दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पाकिस्तान से आतंकवादी आते थे और लोगों की जान लेकर चले जाते थे, लेकिन उस समय आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी जवाब नहीं दिया जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग और ईवीएम को लेकर कांग्रेस की ओर से उठाए जाने वाले सवालों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर से हुए चुनावों के परिणामों पर भी कांग्रेस को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। जनता अब कांग्रेस के आरोपों और बयानों को समझ चुकी है।

इसके बावजूद कांग्रेस इन योजनाओं का विरोध करती है। कांग्रेस को बताना चाहिए कि वह गरीबों और किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों का विरोध क्यों कर रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ परिवार को लेकर की गई टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। देश की जनता कांग्रेस के ऐसे बयानों को स्वीकार नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल अपने कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और बच्चों के डॉक्टर व इंजीनियर बनने के दावे करते हैं। यदि उनके दावे सही हैं तो उन्हें यह सूची जारी करनी चाहिए कि उनके कार्यकाल में कितने बच्चे डॉक्टर और कितने इंजीनियर बने। उन्होंने कहा कि केवल बड़े-बड़े दावे करने से काम नहीं चलता।

गुजरात दौरे से हरियाणा में निवेश की उम्मीदः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने गुजरात दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात को मजबूत और विकास की स्पष्ट दिशा वाला प्रदेश बनाया है। दौरे के दौरान हरियाणा में निवेश की संभावनाओं पर उद्योगपतियों से चर्चा की गई और उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि करीब 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े प्रस्तावों को लेकर उद्योगों ने हरियाणा में रुचि दिखाई है और समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर सहमति बनी है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि गुजरात के उद्योगों की रुचि से हरियाणा में औद्योगिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। पंजाब में अवैध खनन के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों को घेरा।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में इस बार प. बंगाल और दिल्ली होंगे पार्टनर स्टेट

■ राज्यपाल की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक, पांच दिसंबर से शुरू होगा महोत्सव

■ 'डिजिटल हेरिटेज एप' तथा 'कुरुक्षेत्र सारथी मोबाइल एप' का शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव इस बार 5 से 25 दिसंबर तक किया जाएगा। पश्चिम बंगाल और दिल्ली इस बार समारोह में पार्टनर स्टेट के रूप में होंगे शामिल होंग। बृहस्पतिवार को राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के प्रबंधक मंडल की 83वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिन्दल, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, विधायक अशोक अरोड़ा, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'डिजिटल हेरिटेज एप' तथा 'कुरुक्षेत्र सारथी मोबाइल एप' का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती समारोह का आयोजन 5 से 25 दिसंबर तक किया जाएगा। इस दौरान अनेक धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

182 तीर्थ स्थलों के लिए निकलेगी यात्रा

लोगों को जागरूक करने के लिए 2 दिसंबर को यात्रा शुरू की जाएगी, जो 48 कोस के क्षेत्र में स्थित 182 तीर्थ स्थलों पर जाएगी। इसके अलावा 4 दिसंबर को पिपली से शोभायात्रा निकाली जाएगी। भागवत कथा, गीता सम्मेलनों के अलावा हरियाणा के गठन के 60 साल पूरे होने पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। शिक्षाविदों के आयोजनों के अलावा युवाओं को संस्कारवान एवं चरित्रवान बनाने के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जयंती पर लगाई जाने वाली प्रदर्शनी में इसरो, नौसेना, वायुसेना और आईसीसीआर भी भाग लेंगे। इस दौरान शिल्पकार एवं गीता पुस्तक मेला भी लगाया जाएगा। इसमें विश्वस्तरीय शिल्पकार भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर 18 से 20 दिसंबर तक गीता जयंती समारोह आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश के हर गांव के मंदिर में गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा देश के सभी केंद्रीय एवं जवाहर नवोदय विद्यालयों में भी विद्यार्थियों की सहभागिता की जाएगी।

एशियाड विजेताओं का सम्मान समारोह आज

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एशियाई और पैरा एशियाई खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित हाने वाले राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में नकद पुरस्कार वितरित करेंगे। खेल विभाग निदेशक पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स और पैरा एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश ही नहीं देश का गौरव बढाया है। भिवानी के भीम स्टेडियम में 30 अक्टूबर को आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि एशियन और पैरा एशियन खिलाड़ियों को करीब 185 करोड़ 39 लाख 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसमें 91 प्रतिभागियों को एशियन गेम्स में 133 करोड़ 57 लाख रुपये और 37 प्रतिभागियों को पैरा एशियन गेम्स में 51 करोड़ 82 लाख 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

सतीश कुमार बने एचपीएससी के नए अध्यक्ष



चंडीगढ़। हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) को नया अध्यक्ष मिल गया है। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने बृहस्पतिवार को हरियाणा लोक भवन में आयोजित समारोह में निवर्तमान एचसीएस अधिकारी सतीश कुमार सैनी को आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा व पंजाब के विधानसभा स्पीकर भी मौजूद रहे।

नए आपराधिक कानूनों को लागू करने में हरियाणा देश में नंबर वन

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सितंबर 2026 में राज्य ने राष्ट्रीय डैशबोर्ड पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने दावा किया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जिसने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को पूर्ण रूप से लागू किया है। ये कानून एक जुलाई, 2024 से प्रभावी हुए थे।

ई-साक्ष्य एप से फॉरेंसिक जांच की रिकॉर्डिंग



हरियाणा पुलिस वैज्ञानिक जांच, तकनीकी नवाचार, प्रशिक्षण और न्यायालयों के साथ बेहतर समन्वय के जरिए न्याय प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सात वर्ष या उससे अधिक सजा वाले अपराधों में घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम की शत-प्रतिशत विजिट सुनिश्चित की गई है। ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से 99.2 प्रतिशत फॉरेंसिक जांच की रिकार्डिंग की जा रही है। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं में स्वीकृत पदों की संख्या 351 से बढ़ाकर 1,044 कर दी गई है। प्रत्येक जिले में कम से कम एक मोबाइल फॉरेंसिक वैन तैनात है, जबकि 17 नई मोबाइल फॉरेंसिक इकाइयों को मंजूरी दी गई है।

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि ई-समन से छह माह में 25.65 करोड़ रुपये मूल्य के ईंधन की बचत दर्ज की गई। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सुनवाई में सात माह के दौरान 1.16 करोड़ रुपये के ईंधन की बचत हुई।

उत्तर रेलवे

वाटर वेंडिंग मशीन (WVMs)

नीलामी केटलॉग सं. UMB-Mix-47-2026 | रेट यूनिट वार्षिक लाइसेंस फीस | आकार 30' वर्ग फीट

क्र. सं.	लॉट नं.	Station	WVM की संख्या	विवरण	नीलामी बंद होने की तारीख और समय
1	MSS-UMB-SIR-WVM-118-26-1	सरहिंद (SIR)	02	•01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर UMB सिरे की ओर। •01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर LDH सिरे की ओर।	06.11.2026 को 15:00 बजे
2	MSS-UMB-YJUD-WVM-117-26-1	यमुनानगर-जगाधरी (YJUD)	01	•01 WVM, TRD पोल नंबर 211/8 के पास प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर।	06.11.2026 को 15:10 बजे
3	MSS-UMB-UBC-WVM-113-26-1	अम्बाला सिटी (UBC)	02	•01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर। •01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर।	06.11.2026 को 15:20 बजे
4	MSS-UMB-DUI-WVM-116-26-1	धुरी (DUI)	02	•01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर। •01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 4/5 पर।	06.11.2026 को 15:30 बजे
5	MSS-UMB-PTA-WVM-115-26-1	पटियाला (PTA)	01	•01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर GRP बूथ के पास।	06.11.2026 को 15:40 बजे
6	MSS-UMB-RPJ-WVM-114-26-1	राजपुरा (RPJ)	02	•01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 1 के बीच में, रिटायरिंग रूम के पास। •01 WVM प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 के बीच में, पार्सल केज और वॉटर बूथ नंबर 12 के पास।	06.11.2026 को 15:50 बजे

नीलामी शुरू होने की तारीख और समय: 06.11.2026 को 12:00 बजे

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखे।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3775/26

स्वीडन की तर्ज पर होगा बारिश के पानी का संग्रहण

यूरोप की तरह होगा कचरा प्रबंधनः अशोक मीणा

विभाग आयुक्त ने बताया कि हरियाणा में भी स्वीडन की तर्ज पर बारिश के पानी संग्रहण, हरियाली, कचरा प्रबंधन आदि के लिए योजना तैयार करने का विचार है, जिसको जल्द ही अमली जामा पहनाया जाएगा। इस तरह से स्वीडन की तर्ज पर शहरों को संवारने व कदम उठाने की तैयारी है। निकाय विभाग अधिकारी स्वीडन दौरे के दौरान कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, हरियाली बारिश के पानी के उपयोग पर हो रहे कार्यों की स्टडी कर लौटे हैं।

चंडीगढ़। प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने और यूरोप के देशों की तर्ज पर सुधारों को गति देने के क्रम में राज्य कई कदम उठाने जा रहा है। प्रदेश का बारिश के पानी के संग्रहण के लिए स्वीडन में पार्कों के अंदर अंडरग्राउंड टैंक बनाए गए हैं। शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय आयुक्त और सचिव अशोक मीणा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि शहरी क्षेत्रों में यूरोप में भरपूर हरियाली है। कूड़े कचरे का निस्तारण अत्याधुनिक तकनीकी का उपयोग हो रहा है। खासतौर पर कूड़ेदानों में अलग अलग कचरा एकत्र करने और घरों से निकलने वाला कचरा डालने के लिए खासतौर का एक कार्ड मिलता है। जब कोई व्यक्ति घर से कचरा लेकर जाता है, तो कूड़ेदान पर कार्ड स्वाइप करता है, इसके साथ ही कूड़ेदान खुल जाता है। ऐसी तकनीक से जुड़ा होता है कि इसमें कूड़ा डालने के बाद वह अंडरग्राउंड स्थान पर स्थापित कचरा संग्रह केंद्र पर कचरा पलटकर उसी स्थान पर वापस आ जाता है। इससे आसानी रहती है।

जनप्रतिनिधि सम्मेलन दो नवंबर को : कल्याण

■ विस स्पीकर ने इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में तैयारियों का जायजा लिया

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वीरवार को हरियाणा सरकार और विधान सभा सचिवालय के अधिकारियों के साथ पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम का दौरा कर 2 नवंबर को आयोजित होने वाले जनप्रतिनिधि सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सम्मेलन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सम्मेलन के



उद्घाटन सत्र में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा समापन सत्र में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित प्रदेश के वर्तमान और पूर्व विधायक हिस्सा लेंगे।

अंशकालिक कर्मचारियों को मिलेगा पुरानी पेंशन का लाभ

चंडीगढ़। हरियाणा में सरकारी स्कूलों में वर्षों तक अंशकालिक कर्मचारी के रूप में काम करने के बाद नियमित हुए कर्मचारियों के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि नियमित होने से पहले अंशकालिक, दैनिक वेतन या तदर्थ आधार पर की गई निरंतर सेवा को पेंशन संबंधी लाभों की गणना से बाहर नहीं रखा जा सकता। अदालत ने संबंधित विभाग को कर्मचारियों की शुरुआती नियुक्ति और नियमितीकरण की तारीखों का सत्यापन कर पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट ने भिवानी निवासी सुनीता और अन्य की याचिका स्वीकार करते हुए यह आदेश दिया।

ईडी की याचिकाएं खारिज, आठ आरोपितों की जमानत बरकरार

चंडीगढ़। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से झटका लगा है। धनशोधन के मामलों में जमानत पर बाहर चल रहे आठ आरोपितों की जमानत रद्द कराने की ईडी की मांग अदालत ने खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि गिरफ्तार व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार बताने की बाध्यता कानून में पहले से थी। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में यह स्पष्ट किया कि इन आधारों की जानकारी लिखित रूप में देना आवश्यक है। इसलिए इस व्यवस्था को केवल तीन अक्टूबर, 2023 से लागू मानकर उससे पहले हुई गिरफ्तारियों के मामलों में जमानत को चुनौती नहीं दी जा सकती।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

नीलामी केट्लॉग सं.: UMB-MIX-47-2026 | रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस | आकार - 10'x6' वर्ग फीट

क्र. सं.	लॉट सं.	विवरण	नीलामी शुरू होने की तारीख और समय	नीलामी बंद होने की तारीख और समय
1.	Catg-UMB-KART-GMU-214-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर-1. प्लेटफार्म संख्या-1 पर सामान्य श्रेणी के लिए, कीरतपुर साहिब (KART) रेलवे स्टेशन।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 12:30 बजे
2.	Catg-UMB-DKT-GMU-213-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर-1. प्लेटफार्म संख्या-1 पर सामान्य श्रेणी के लिए, धूलकोट (DKT) रेलवे स्टेशन।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 12:40 बजे
3.	Catg-UMB-KRLI-GMU-211-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर-1. प्लेटफार्म संख्या-1 पर सामान्य श्रेणी के लिए, कुरावली (KRLI) रेलवे स्टेशन।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 12:50 बजे
4.	Catg-UMB-SHZ-GMU-200-26-1	(जनरल माइनर यूनिट– खानपान) (जीएमयू) स्टॉल नंबर-1, सर्कुलेटिंग एरिया में सामान्य श्रेणी के लिए समर हिल (SHZ) रेलवे स्टेशन पर।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 13:00 बजे
5.	Catg-UMB-NBA-GMU-206-26-1	(जनरल माइनर यूनिट– खानपान) (जीएमयू) स्टॉल नंबर-1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर जनरल वेटिंग हॉल के अंदर, सामान्य महिला श्रेणी के लिए नाभा (NBA) रेलवे स्टेशन पर।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 13:10 बजे
6.	Catg-UMB-DUI-GMU-193-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर-4, प्लेटफॉर्म संख्या–2/3 पर सामान्य श्रेणी के लिए, धुरी (DUI) रेलवे स्टेशन।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 13:20 बजे
7.	Catg-UMB-BCU-GMU-215-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)–खानपान स्टॉल नंबर-1, प्लेटफॉर्म संख्या–1 पर सामान्य श्रेणी के लिए, भुच्चू (BCU) रेलवे स्टेशन।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 13:30 hrs.
8.	Catg-UMB-LHA-GMU-204-26-1	केटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 सामान्य महिला श्रेणी के लिए लेहरा गागा (LHA) रेलवे स्टेशन पर।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 13:40 बजे
9.	Catg-UMB-JPS-GMU-197-26-1	(केटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 1, प्लेटफॉर्म नंबर 1 सामान्य श्रेणी के लिए जमालपुर शेखा (JPS) रेलवे स्टेशन पर।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 13:50 बजे
10.	Catg-UMB-MOT-GMU-205-26-1	केटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर-2, प्लेटफॉर्म नंबर-2 माइनॉरिटी कैटेगरी के लिए मलोट (MOT) रेलवे स्टेशन पर।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 14:00 बजे
11.	Catg-UMB-GDB-GMU-196-26-1	(केटरिंग–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर 2, प्लेटफॉर्म नंबर 2 माइनॉरिटी महिलाएं के लिए गिद्दरबाहा (GDB) रेलवे स्टेशन पर।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 14:20 बजे
12.	Catg-UMB-SOL-GMU-212-26-1	खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) स्टॉल नंबर-2, सर्कुलेटिंग एरिया में, सामान्य श्रेणी के लिए सोलन (SOL) रेलवे स्टेशन पर।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 14:30 बजे
13.	Catg-UMB-UBC-SMU-189-26-1	खानपान–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) स्टॉल नंबर-4, प्लेटफॉर्म संख्या-2, अल्पसंख्यक महिला श्रेणी के लिए अम्बाला सिटी (UBC) रेलवे स्टेशन पर।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 14:40 बजे
14.	Catg-UMB-MET-SMU-174-26-1	रिफ्रेशमेंट रूम–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) (Size 47.44 sqm, i.e 8x5.93 sqm) अन्य पिछड़ा वर्ग महिला श्रेणी के लिए मलेरकोटला (MET) रेलवे स्टेशन।	06.11.2026 को 12:00 बजे	06.11.2026 को 14:50 बजे

ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। 3776/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पुरानी पेंशन पर शिक्षकों को राहत की उम्मीद हाईकोर्ट का छह सप्ताह में फैसला लेने का आदेश

चंडीगढ़। हरियाणा में पुरानी पेंशन योजना का लाभ पाने की मांग कर रहे शिक्षकों को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से राहत की उम्मीद जगी है। हाईकोर्ट ने गुलशन कुमार व अन्य शिक्षकों की याचिका का निपटारा करते हुए राज्य सरकार को उनके दावे पर छह सप्ताह के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने स्पष्ट किया कि संबंधित अधिकारी शिक्षकों को सुनवाई का अवसर देने के बाद कारण सहित आदेश पारित करें। यदि शिक्षक पुरानी पेंशन योजना के लाभ के पात्र पाए जाते हैं तो उन्हें यह लाभ तत्काल दिया जाए। याचिकाकर्ताओं ने वर्ष 2005 में



■ भर्ती प्रक्रिया में देरी के कारण नई पेंशन योजना के दायरे में आए शिक्षकों की मांग पर विचार करेगा शिक्षा विभाग

जारी विज्ञापन के तहत विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया था। सात जुलाई 2005 को विज्ञापन जारी किया गया था। बाद में पदों को दोबारा विज्ञापित किया गया और भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण 20 जुलाई 2006 को विज्ञापन फिर से निकाला गया।

एसीपी लाभ देने में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

चंडीगढ़। हरियाणा में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को सुनिश्चित कैरियर प्रगति (एसीपी) का लाभ देने में हो रही देरी पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग में एसीपी लाभ के लंबित मामलों पर राज्य सरकार के जवाब को टालमटोल वाला और असंतोषजनक बताते हुए व्यापक जानकारी तलब की है। अदालत ने हरियाणा सरकार के प्रधान सचिव को निर्देश दिया है कि वह शिक्षा विभाग के तीनों निदेशालयों में लंबित मामलों का पूरा ब्योरा जुटाएं और प्रत्येक मामले में देरी का कारण बताएं।

उत्तर रेलवे

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:

1. **कुल तेरह (13) स्टॉलः** दिल्ली, दिल्ली कैंट, दिल्ली शाहदरा, गाजियाबाद, गुड़गांव, करनाल, मुजफ्फरनगर, मेरठ कैंट, पानीपत, पटौदी रोड, शामली, सब्जीमंडी, तुगलकाबाद।
2. **कुल उनतालीस (39) ट्रॉलीः** असावटी, बादली, बागपत रोड, बल्लभगढ़, बरौत, दिल्ली आजादपुर, दिल्ली किशन गंज, दिल्ली सफदरजंग, दिल्ली सराय रोहिल्ला, देवबंद, फरीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, गढ़ी हरसरू, जाखल, जींद, खतौली, जुलाना, खेकरा, मंगोलपुरी, मानसा, मेरठ सिटी, मोदीनगर, मुरादनगर, नांगलोई, नरवाना, नया गाजियाबाद, नोली, ओखला, पालम, परतापुर, साहिबाबाद, सकौती टांडा, सांपला, शकुरबस्ती, शिवाजी ब्रिज, टपरी, तिलक ब्रिज, टोहाना, विवेक विहार।

क) दिल्ली जंक्शन, कुरुक्षेत्र, पलवल, गुड़गांव, मेरठ कैंट, नरेला, रोहतक, जुलाना, सांपला रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल/ट्रॉली लगाने की अवधि 90 दिन होगी।

ख) **एनएसजी 1, 2, 3** स्टेशनों के लिए पंजीकरण शुल्क **रु. 2000** की दर से लिया जाएगा। तीस दिनों के प्रत्येक चरण के लिए और **एनएसजी 4, 5, 6** (दिल्ली किशनगंज, देवबंद, ओखला, शामली, टपरी, जिंद, जाखल, टोहाना, मानसा, नरवाना, बागपत रोड, खेकड़ा, नांगलोई, मुरादनगर, खतौली, मेरठ कैंट, जुलाना, सांपला, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, गनौर, बादली, सब्जी मंडी, नरेला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद न्यूटाउन, बल्लभगढ़, पालम, मेरठ कैंट, दिल्ली सफदरजंग, परतापुर और सकौती टांडा) रेलवे स्टेशन पर पंजीकरण शुल्क **रु. 1000** की दर से तीस दिनों के प्रत्येक मंत्र के लिए लिया जाएगा।

ग) **प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैंः** विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक। भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठ

गृह मंत्रालय
भारत सरकार
शेयर करें सेल्फी वीरों के साथ
जिन्होंने दिया
नक्सल-मुक्त भारत
बनाने में योगदान
आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक
भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर 2026
जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com
CBC 19101/13/0033/2627

खबर संक्षेप

राष्ट्रपति का पानीपत का कार्यक्रम स्थगित

पानीपत। पानीपत में 1 नवंबर को होने वाला राष्ट्रपति का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से 29 अक्तूबर को जारी पत्र में इसकी सूचना दी गई है। कार्यक्रम ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर, थिराना में आयोजित होना था। इसमें राष्ट्रपति को राष्ट्रीय परियोजना 'विकसित भारत का संकल्प-ग्राम उत्थान से राष्ट्र उत्थान' का शुभारंभ करना था। राष्ट्रपति के निजी सचिव मृत्युंजय शर्मा की ओर से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, ज्ञान मानसरोवर की अतिरिक्त निदेशक को यह जानकारी दी गई।

बोर्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 26 नवंबर तक

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा सेकेंडरी/सीनियर सेकेंडरी (नियमित) एवं गुरुकुल/विद्यापीठ (पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2027 के लिए 30 अक्तूबर, 2026 से ऑनलाइन आवेदन-पत्र लाइव होंगे। संबंधित विद्यालय मुखिया बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर निर्धारित तिथियों अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने बताया कि 26 नवंबर तक बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकते हैं।

पलवल में खाद की दुकानों पर छापेमारी

पलवल। जिले में खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए कृषि विभाग ने पलवल और हथीन में खाद विक्रेताओं की दुकानों की जांच की। अनियमितता मिलने पर दुकानदारों और गोदाम मालिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। सीएम फ्लाइंग स्क्वायड से मिली सूचना पर यह जांच की गई। कृषि उप निदेशक जगिर सिंह और गुण नियंत्रण निरीक्षक सुनील दत्त ने पवन खाद-बीज भंडार, न्यू किसान बीज भंडार धतीर और मनोज ट्रेडिंग कंपनी, नई अनाज मंडी पलवल का निरीक्षण किया।

बाला जी के दर्शन कर लौट रहे परिवार के साथ हादसा

खड़ी बस में कार ने पीछे से मारी टक्कर, दंपती व बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

- कार को काटकर दो बच्चों को बाहर निकाला, अस्पताल में भर्ती

राजस्थान के बाला जी धाम के दर्शन कर लौट रहे परिवार की कार गांव लोहटकी के पास सड़क पर खड़ी एक टूरिस्ट बस के पीछे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस सड़क हादसे में पति-पत्नी और बच्ची की मौत हो गई। कार में पांच लोग सवार थे, जिनमें 2 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। दिल्ली-बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे पर हादसा गुरुवार तड़के करीब 3 बजे हुआ।

घटनास्थल के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें ड्राइवर सीट से चिपका नजर आ रहा है। कुछ लोग उन्हें निकालने का प्रयास करते हैं। फ्रंट सीट पर ड्राइवर के बराबर में बैठा एक बच्चा भी तड़पता दिखा, गाड़ी का बोनट काटकर लोगों ने उसे बाहर निकाला। लिसकर्मी ने उसे एम्बुलेंस में बैठाकर अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि दिल्ली के रजोकरी गार्डन निवासी टैक्सी ड्राइवर बूम प्रसाद पत्नी और बच्चों के साथ बालाजी से दर्शन कर कार में दिल्ली लौट रहे थे।


क्षतिग्रस्त कार में फंसा बच्चा।

गुरुवार सुबह गांव लोहटकी के पास उनकी कार सड़क किनारे खड़ी टूरिस्ट बस में पीछे से जा घुसी। हादसे में कार का आधे से ज्यादा हिस्सा बस के अंदर घुस गया। कार बुरी तरह पिचक गई और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जबकि दंपती और उनकी छोटी बच्ची की मौत हो गई।

नहर में डूबे दो जवान युवक

हिसार। अग्रोहा क्षेत्र के गांव कालीरावण के पास सिद्धमुख नहर में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अग्रोहा थाना पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों युवक पानी में डूब चुके थे। गोताखोरों की मदद से दोनों के शवों को नहर से बाहर निकालकर पहचान के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। शिनाख्त होने के बाद शुक्रवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार, कालीरावण के पास सिद्धमुख नहर के आसपास कई औद्योगिक इकाइयां हैं। प्राथमिक आशंका जताई जा रही है कि ये दोनों युवक आसपास की किसी फैक्ट्री में ही काम करने वाले कामगार हो सकते हैं। हालांकि, यह हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है, पुलिस हर पहलू से मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस आसपास की फैक्ट्रियों के प्रबंधकों और कर्मचारियों से लगातार पूछताछ कर रही है। अग्रोहा थाना पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। दोनों युवकों की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच आंकी जा रही है।



सिरसा में तीन दोस्तों पर हमला, भाई से रंजिश का लिया बदला

रास्ते में घेरकर चाकू से युवक की हत्या, दो माह पहले ही हुई थी शादी

- घर में कमाने वाला इकलौता लड़का था राहुल उर्फ फौजी, पत्नी भी है गर्भवती
- आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर के शिव चौक के निकट हमले में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती, तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

गौरतलब है कि 27 अक्टूबर की रात को चत्तरगढ़ पट्टी निवासी 22 वर्षीय राहुल उर्फ फौजी व उसके दो अन्य साथियों पर शिव चौक के निकट कुछ युवकों ने चाकुओं व डंडों से हमला बोल दिया था। इस हमले में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को पहले सिरसा के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत बिगड़ने पर उसे बठिंडा रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान राहुल की मौत हो गई, जबकि हमले में घायल दो अन्य युवकों अरुण और साहिल का उपचार चल रहा है। आरोप है कि साहिल के भाई के साथ पुरानी रंजिश के चलते हमलावरों ने राहुल उर्फ फौजी का मोटरसाइकिल रोका और उसमें सवार तीनों पर हमला बोल दिया। स्थानीय लोगों के बीच बचाव करने पर हमलावर मौके से फरार हो गए।

परिजनों के मुताबिक राहुल की दो महीने पहले ही शादी हुई थी और वह पेंटर का काम करता था और उसकी तीन बहनें हैं। परिजनों के अनुसार, राहुल की पत्नी गर्भवती है। राहुल परिवार का इकलौता लड़का था। ऐसे में परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।


सिरसा। दो माह पहले राहुल शादी के बंधन में बंधकर था बेहद खुश, अब इस घर में पसरा मातम। (राहुल की शादी का फाइल फोटो)

दो दिन तक नहीं लिए घायलों के बयान

घायल अरुण व उसके परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस ने उनके बयान तक दर्ज नहीं किए। राहुल की मौत के बाद पुलिस बयान लेने पहुंची। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि घायल अरुण की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

करनाल में पकड़े शूटर का खुलासा

सतलोक आश्रम पर फायरिंग को विदेश से आए 5 हजार रुपये

- स्थानीय गुर्गे के जरिये आरोपी तोतला तक पहुंचाई गई थी देसी पिस्तौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पिपली स्थित रामपाल के सतलोक आश्रम में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस जांच के दौरान कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। पुलिस के अनुसार, इस वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी अनिल उर्फ सूपू उर्फ तोतला को 5 हजार रुपये दिए गए थे। प्रारंभिक जांच में वारदात की फंडिंग विदेश से किए जाने की बात भी सामने आई है। पुलिस अब इस मामले में हथियार उपलब्ध कराने वालों और वारदात की साजिश से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

पुलिस जांच के मुताबिक, फायरिंग में इस्तेमाल की गई देसी पिस्तौल आरोपी तक एक स्थानीय गुर्गे के माध्यम से पहुंची थी। आरोपी को वारदात के बाद पिस्तौल अपने पास रखने के लिए भी कहा गया था। जांच में करनाल जिले के अरजेहड़ी गांव निवासी प्रेमचंद की गिरफ्तारी के बाद मामले में नए तथ्य सामने आए। पुलिस पूछताछ में प्रेमचंद ने अनिल का नाम बताया, जिसके बाद कुरुक्षेत्र पुलिस ने मामले की कड़ियां जोड़नी शुरू कीं।

गांव मिरान में गैस सिलेंडर फटने से बुजुर्ग की मौत

तोशाम। गांव मिरान में घर मे अचानक आग लगने से गैस का सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने के कारण एक 63 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले में इत्तफाकिया कार्रवाई की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव मिरान निवासी दलबीर अपने घर पर सोए हुए थे। उसी समय अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण सिलेंडर फट गया और दलबीर भी झुलस गए। झुलस जाने के बाद उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

5 दिन बाद करवाचौथ पर घर लौटा पति पत्नी से झगड़े पर गुस्से में तेजाब पिया

- युवक को गंभीर हालत के चलते दिल्ली रेफर किया, पत्नी झगड़े के बाद रहती है अमृतसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पत्नी के झगड़े से परेशान पति ने करवाचौथ के दिन ही घर में रखा तेजाब पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए बीके अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया। व्यक्ति पिछले पांच दिनों से घर से लापता था। वीरवार सुबह घर लौटने के बाद फिर से पति-पत्नी के बीच बहस हो गई। उधर, परिवार के मुताबिक, दोनों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। इसके चलते बहू अपने मायके अमृतसर में रह रही थी। चचेरे भाई सुरेश ने बताया कि बड़े भाई अपनी पत्नी से तलाक लेना चाहते थे। इसी बात से भाई परेशान था, लेकिन भाभी तलाक नहीं देना चाहती थी। वो अमृतसर में रह रही थीं। तेजाब पीने वाले व्यक्ती की पहचान नेहरू कॉलोनी निवासी अमरजीत (36) के रूप में हुई है। वो राजमिस्त्री का काम करता है, जबकि उसकी पत्नी सुमन (30) निजी कंपनी में नौकरी करती है।


एंबुलेंस में अस्पताल ले जाते परिजन।

परिजनों के अनुसार, अमरजीत पांच दिन पहले घर से चला गया था। उसके वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। वापस लौटने पर पत्नी से बहस के बाद अमरजीत ने घर में रखा तेजाब पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को पता चला। बताया जा रहा है कि अमरजीत की शादी करीब 12 साल पहले अमृतसर निवासी सुमन से हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं।

शराब ठेकेदार से रंगदारी मांगने वाला निकला वकील का मुंशी

गुरुग्राम। शराब ठेकेदार को विदेशी नंबर से कॉल करके रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। क्राइम ब्रांच फर्रुखनगर ने एक नाबालिग समेत दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गांव सिकंदरपुर बढ़ा निवासी सुमित और एक 15 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई है। सुमित 10वीं और नाबालिग 8वीं कक्षा में पढ़ता है। सुमित गुरुग्राम कोर्ट में एक वकील के पास मुंशी का काम करता है। पुलिस को दी शिकायत में शराब ठेकेदार का आरोप है कि 25 अक्टूबर को दोपहर 12:41 बजे उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अमेरिका से कॉल करने और खुद को विदेश में बैठे गैंगस्टर का गुर्गा बताया।

घर के पास गंदे तालाब में मिला 2 साल के लापता बच्चे का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

गांव सिंगड़ा में बुधवार दोपहर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता 2 साल के बच्चे



एकांश का शव गुरुवार दोपहर गांव के गंदे तालाब में मिला। गोताखोरों की टीम ने शव को बाहर निकाला। बच्चे की तलाश के लिए पुलिस ने गांव में व्यापक स्तर पर खोजबीन की हुई थी। पुलिस के साथ खोजी कुत्तों की टीम भी लगाई गई थी, लेकिन रात तक बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों को आशंका थी कि बच्चा घर के पास बने जोहड़ में गिर गया होगा। इसके बाद गोताखोर प्रगट सिंह को बुलाकर तलाश कराई गई। बच्चे का शव मिलने से परिवार में मातम छा गया। ग्रामीण भी परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। निसिंग थाना प्रभारी ईश्वर सिंह ने बताया कि बुधवार दोपहर कंट्रोल रूम से बच्चे के लापता होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम गांव सिंगड़ा पहुंची और तलाश शुरू की। पुलिस ने बच्चे के पिता लालचंद से बातचीत की और आसपास के घरों व गांव के अलग-अलग स्थानों पर खोज अभियान चलाया। पुलिस को घर के पास तालाब होने की जानकारी मिली, तो उसमें ही बच्चे का शव मिला।

दोस्तों ने फंड जुटा इंग्लैंड से भिजवाया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री



करीब 12 दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी धमनहेरी के कवलजीत की मौत, कर्ज लेकर भेजा था इंग्लैंड

इंद्री के गांव धमनहेरी निवासी 20 वर्षीय कवलजीत सिंह का शव गुरुवार सुबह 12 दिन बाद गांव पहुंचा। कवलजीत की 17 अक्टूबर को इंग्लैंड में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। बेटे का शव देखते ही माता-पिता, बहन व परिजन बिलख-बिलख कर रो पड़े। परिजनों के अनुसार इंग्लैंड में रह रहे गांव के ही चार युवकों ने कवलजीत का शव भारत लाने में सहयोग किया। इन युवकों ने शव को भारत पहुंचाने के लिए फंड एकत्रित किया, जिसके बाद गुरुवार सुबह शव गांव धमनहेरी पहुंच सका।

कवलजीत के पिता ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने की उम्मीद में उन्होंने करीब 17 लाख रुपये खर्च करके बेटे को इंग्लैंड भेजा था। इसके लिए परिवार ने कर्ज भी लिया था। उन्हें उम्मीद थी कि बेटा विदेश में मेहनत करके परिवार का सहारा बनेगा, लेकिन उसकी अचानक मौत ने परिवार की उम्मीदों को तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि कवलजीत की मौत से एक दिन पहले ही उसकी अपनी मां से बातचीत हुई थी। उस दौरान उसने किसी तरह की परेशानी नहीं होने की बात बताई थी। इसके अगले दिन उसकी मौत की खबर मिलने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। कवलजीत तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। परिवार में उसकी बहन की शादी की तैयारियां चल रही थी और करीब चार महीने बाद फरवरी में बहन की शादी होनी थी।


शव आने के बाद बिलखते परिजन।

किराए पर कमरा मांगने आए लुटेरों ने बुजुर्ग से छीने जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- आरोपी महिला-पुरुष ने बुजुर्ग का मुंह कपड़े से बांधा, विरोध करने पर दीवार पर कई बार सिर दे मारा

शहर के गुरुनानकपुरा इलाके में दुस्साहस का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां बाइक पर सवार होकर आए एक अज्ञात पुरुष और महिला ने घर में घुसकर 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला से करीब डेढ़ तोले की सोने की बालियां झपट लीं और मौके से फरार हो गए। वारदात के दौरान बेरहम बदमाशों ने बुजुर्ग महिला का मुंह कपड़े से बांध दिया और विरोध करने पर उनका सिर कई बार दीवार में दे मारा, जिससे उन्हें गंभीर गुम चोटें आई हैं। घटना के समय बुजुर्ग महिला घर में अकेली थीं।

गुरुनानकपुरा निवासी 70 वर्षीय भगवान देवी अपने घर पर अकेली थीं, क्योंकि उनके बेटे इकबाल भूषण और पुत्रवधू दवाई लेने हिसार गए हुए थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर अज्ञात महिला और पुरुष उनके घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खुलने पर दोनों ने मकान किराए पर लेने की बात कही। जब


बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनका कमरा पहले से किराए पर उठा हुआ है, तो आरोपियों ने उन्हें बातों में उलझा लिया और मौका पाते ही जबरन घर के अंदर दाखिल हो गए। घर में घुसते ही बदमाशों ने भगवान देवी का मुंह कपड़े से बांध दिया ताकि वे शोर न मचा सकें। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने अमानवीयता दिखाते हुए उनका सिर कई बार दीवार पर दे मारा। महिला के लाचार होते ही आरोपियों ने उनके कानों से लगभग डेढ़ तोले की सोने की बालियां खींच लीं और आसानी से रफूचक्कर हो गए।

जांच | पार्षद ने शिकायतों के बाद किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

आंगनबाड़ी में खीर बनाने को मिले एक्सपायरी दूध के पैकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

चावल के तीन कट्टे घर ले जाने का आरोप, जांच को कमेटी गठित



चाबरी कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के पोषण आहार को लेकर लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं। आरोपों को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है। स्टोर में दूध पाउडर और खीर मिक्स के ऐसे पैकेट मिले, जिन पर जनवरी, मई और पांच अक्तूबर 2026 की एक्सपायरी तिथि दर्ज थी। सहायिका ने बच्चों के लिए आए चावल के पांच कट्टों में से तीन कट्टे आंगनबाड़ी वर्कर के घर ले जाने का आरोप भी लगाया। मामला सामने आने के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला ने सीडीपीओ जींद को जांच सौंपी है। उन्होंने कहा कि आरोपों की पुष्टि होने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

चाबरी कॉलोनी पार्षद बलवंत सिंह के अनुसार, कॉलोनी के लोग कई दिनों से केंद्र में बच्चों को उचित पोषण आहार नहीं मिलने और राशन के कथित दुरुपयोग की शिकायत कर रहे थे। मंगलवार दोपहर जब वे लोगों के साथ केंद्र पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। बाद में सहायिका को बुलाकर केंद्र खुलवाया गया। निरीक्षण के दौरान स्टोर में दूध पाउडर और खीर मिक्स के पैकेटों पर पांच अक्टूबर 2026 की एक्सपायरी तिथि दर्ज मिली। केंद्र की सहायिका ने दावा किया कि पिछले सप्ताह बच्चों के लिए चावल के पांच कट्टे आए थे। इनमें से तीन कट्टे आंगनबाड़ी वर्कर अपने घर ले गई। जबकि दो कट्टे केंद्र में रखे हैं। आरोप लगाया कि एक्सपायरी दूध और खीर मिक्स से कई दिनों से खीर बनवाई जा रही थी। उसने इस पर आपत्ति जताई थी लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई। इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

रसोई के कचरे में पड़े खाली पैकेटों पर भी यही तारीख थी। इससे एक्सपायरी सामान से खीर बनाए जाने की आशंका जताई गई। स्टोर में जनवरी और मई में एक्सपायर हो चुके पैकेट भी मिले।

महिला एवं बाल विकास जींद की डीपीओ सीमा रोहिला ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही सीडीपीओ सुमन को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। एक्सपायरी सामान के इस्तेमाल और राशन के कथित गबन की पुष्टि होने पर संबंधित वर्कर और सुपरवाइजर के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पंचकूला में हेरोइन के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

पंचकूला। पुलिस ने सेक्टर-20 स्थित आशियाना कॉम्प्लेक्स के पास से एक महिला को 10 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई आरोपी महिला का परिवार भी इस काले कारोबार में शामिल रहा है और उसके अन्य सदस्य भी पहले तस्करी के मामलों में जेल जा चुके हैं। एसीपी क्राइम अमन कुमार ने बताया कि 27 अक्टूबर को एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज सौरव रावत की अगुवाई में टीम ने आरोपी महिला गुड्डी निवासी सेक्टर-20, पंचकूला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की।



ईएसी-पीएम के चेयरमैन देव ने कहा, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की जरूरत

सरकार रोजगार सृजन करने वाले और उन्नत प्रौद्योगिकी वाले उद्योगों को समर्थन दे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार को आने वाले वर्षों में रोजगार पैदा करने वाले श्रम-प्रधान क्षेत्रों के साथ-साथ अत्याधुनिक उद्योगों को भी समर्थन देना चाहिए। देव ने कहा कि यह समर्थन स्पष्ट लक्ष्यों से जुड़ा होना चाहिए और इसकी नियमित समीक्षा की जानी चाहिए। इंस्टिट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (आईएसआईडी) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देव ने कहा कि सभी कंपनियों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि आत्मनिर्भर भारत का मतलब यह नहीं है कि भारत 1991 से पहले के दौर में लौट रहा है।

श्रम प्रधान क्षेत्रों के साथ अत्याधुनिक उद्योगों को समर्थन मिले

समर्थन स्पष्ट लक्ष्यों से जुड़ा हो और नियमित समीक्षा की जाए



ये उद्योग रोजगार पैदा कर सकते हैं

चेयरमैन ने कहा, /"दूसरी जरूरत रोजगार पैदा करने वाले उद्योगों और अत्याधुनिक उद्योगों, दोनों को समर्थन देने की है। कपड़ा, परिधान, जूते और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्र बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा कर सकते हैं, जबकि सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे, उन्नत सामग्री और स्वच्छ प्रौद्योगिकी भारत की तकनीकी क्षमता को मजबूत कर सकते हैं।/"

कंपनियां अपने उत्पादन केंद्रों में विविधता ला रही

देव ने कहा कि शुल्क में बदलाव और भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का नए सिरे से गठन हो रहा है। पहले किसी एक स्थान पर निर्भर रहने वाली कंपनियां अब अपने उत्पादन केंद्रों में विविधता ला रही हैं। देव ने कहा, /"ऐसी कंपनियां बड़े, स्थिर और भरोसेमंद साझेदार तलाश रही हैं।

दिया जाना वाला समर्थन अच्छी तरह से तैयार हो

देव ने कहा कि देश को उत्पादों की प्रतिस्पर्धी क्षमता और गुणवत्ता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, /"इन उद्योगों को दिया जाने वाला समर्थन अच्छी तरह तैयार किया जाना चाहिए, स्पष्ट लक्ष्यों से जुड़ा होना चाहिए और इसकी नियमित समीक्षा होनी चाहिए, ताकि सार्वजनिक संसाधनों का अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके।/"देव ने कहा कि भारत में औद्योगीकरण के रास्ते में भूमि की उपलब्धता बड़ी बाधाओं में से एक है।

लगातार अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित हो

देव ने कहा कि अब सवाल यह है कि इन शुरुआती सफलताओं को व्यापक औद्योगिक बदलाव में कैसे बदला जाए। उन्होंने कहा, /"वैश्विक खरीदार ऐसे उत्पादन तंत्र की ओर रुख करते हैं, जहां बड़े पैमाने पर उत्पादन, प्रतिस्पर्धी लागत और लगातार अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित हो। अच्छी बात यह है कि जिन क्षेत्रों में हम सुधार कर सकते हैं, उनकी पहचान स्पष्ट है और इनमें से प्रत्येक क्षेत्र में सुधार की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।/"

देश में मध्यम आकार की कंपनियों की कमी

देव ने कहा कि भारत में चीन और कुछ अन्य देशों की तरह मध्यम आकार की कंपनियों की कमी है। उन्होंने ऐसी कंपनियों का उदाहरण दिया, जिनमें 500 से 1,000 कर्मचारी काम करते हैं। उन्होंने कहा कि ऋण की उपलब्धता और कौशल में सुधार की जरूरत है।

बैंक, अन्य शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 905 अंक चढ़ा



मुंबई (एजेंसी)। कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच बैंक और दैनिक उपयोग का उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में भारी लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को जोरदार तेजी आई। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 905 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 22,900 अंक के पार पहुंच गया। बीएसई सेंसेक्स 905.01 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,151.04 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 237.90 अंक यानी 1.05 प्रतिशत के लाभ बढ़त के साथ 22,936.75 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स में सबसे ज्यादा पांच प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 3,682.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जिससे कंपनी का शेयर लाभ में रहा। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, पावर ग्रिड, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. और इन्फोसिस के शेयर भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, मारुति सुजुकी इंडिया, टेक महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं।

एशियन पेंट्स का मुनाफा बढ़कर 1,068 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। एशियन पेंट्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत बढ़कर 1,067.6 करोड़ रुपये रहा। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बिक्री में हुई वृद्धि से कंपनी का लाभ बढ़ा है। हालांकि, कच्चे माल की बढ़ती लागत ने परिचालन मार्जिन पर दबाव डाला। देश की प्रमुख पेंट विनिर्माता कंपनी ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में उसकी एकीकृत शुद्ध बिक्री 16.9 प्रतिशत बढ़कर 9,953.9 करोड़ रुपये हो गई।

वादी के वकील : श्री जी.एच. उपाध्याय — सुनवाई की अगली तारीख : 19/11/2026
प्रधान वरिष्ठ सिविल जज, हालोल जिला पंचमहल की अदालत में गुजरात राज्य
(C.M.A. SC NO. 29/2026) — सिविल विविध आवेदन संख्या 29/2026

वादी : हेतलबेन निमेशभाई सोलंकी निवासी : स्टेशन रोड, हालोल, तालुका हालोल, जिला पंचमहल
बनाम
प्रतिवादीगण :
(9) अतुल विष्णुदत्त शर्मा निवास स्थान : हाउस नंबर 148, ग्राम राजपुरा, खरकारी, भिवानी, हरियाणा-127031.
(13) ईश्वरसिंग बनवारीलाल निवास स्थान : सुरपुरा, राजस्थान-331023.
(14) बिजेन्द्रसिंह रामस्वरुप निवास स्थान : झुनझुना, राजस्थान-333029.

सार्वजनिक सूचना

आपको, यानी प्रतिवादीओ को, इस सार्वजनिक सूचना के जरिए सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा आपको जारी किया गया समन तामील नहीं हो सका और बिना तामील हुए वापस आ गया है। इसलिए, इस सार्वजनिक समन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरुद्ध दायर उपरोक्त C.M.A. संख्या 29/2026 इस न्यायालय में लंबित है, और उक्त मामले की कार्यवाही अगली सुनवाई की तारीख 19/11/2026 के लिए निर्धारित है। इस मामले की सुनवाई होनी है। इस सार्वजनिक समन के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि आपको 19/11/2026 को सुबह 11.00 बजे माननीय अदालत के सामने खुद या अपने वकील के जरिए पेश होना होगा।
अगर आप (प्रतिवादी) इस समन के प्रकाशन के बावजूद तय तारीख 19/11/2026 को सुबह 11.00 बजे हालोल जिला पंचमहल, गुजरात राज्य अदालत में पेश नहीं होते हैं, तो माननीय अदालत आगे की न्यायिक कार्यवाही करेगी। आज, 15 अक्टूबर, 2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर के तहत जारी किया गया।

आदेशानुसार,
(के.एफ.परमार)
कार्य प्रभारित रजिस्ट्रार
प्रधान वरिष्ठ सिविल न्यायालय, हालोल, जिला पंचमहल गुजरात राज्य

तैयारकर्ता: (डी.एल.पारगी) सहायक
तुलनाकर्ता: (एम.वी.दीक्षित) शेरिस्तेदार
COURT SEAL

दिल्ली में सोना 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर, चांदी 500 रुपये महंगी

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। ऊंची कीमतों के बीच आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों ने ताजा खरीदारी के प्रति सतर्कता बरती। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें सभी कर शामिल हैं। बुधवार को चांदी की कीमत 1.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। कारोबारियों ने कहा कि ऊंची कीमतों के बीच आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों के नई खरीदारी को लेकर सतर्क रहने से सोने की कीमतें स्थिर रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंस मामलों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सीमित दायरे में कारोबार और मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू सोने की कीमतें बृहस्पतिवार को स्थिर रहीं।' उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सख्त मौद्रिक रुख का असर अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड प्रतिफल और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से मिलने वाले समर्थन पर भारी पड़ा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने की कीमत 49.38 डॉलर यानी 1.21 प्रतिशत घटकर 4,018.08 डॉलर प्रति औंस पर रही। वहीं, चांदी की कीमत तीन प्रतिशत घटकर 52.41 डॉलर प्रति औंस रह गई।

आरबीआई के नए अकाउंटिंग नियम 1 अप्रैल से लागू होंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिजर्व बैंक ने बैंकों के कामकाज और उनके खातों का हिसाब-किताब रखने के तरीके में एक बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इफेक्टिव इंटरेस्ट रेट (ईआईआर) यानी प्रभावी ब्याज दर के नए नियम लागू किए जा रहे हैं। हालांकि बैंकिंग इंडस्ट्री पुराने नियमों को ही बनाए रखने की मांग कर रही है, लेकिन 1 अप्रैल 2027 की डेडलाइन को देखते हुए बैंकों ने अपने सॉफ्टवेयर और सिस्टम को नए नियमों के हिसाब से ढालने की तैयारी शुरू कर दी है। आखिर इफेक्टिव इंटरेस्ट रेट है क्या और यह कैसे काम करेगा? अभी तक बैंक अपनी इंट्रेस्ट इनकम की गणना फिक्स या पहले से तय ब्याज दर पर करते थे। लेकिन ईआईआर के नए नियम के तहत, बैंकों को अपनी ब्याज आय की गणना किसी फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट जैसे बांड या कर्ज से भविष्य में मिलने वाले कुल कैश फ्लो और उसकी वर्तमान वैल्यू के आधार पर करनी होगी।

सार्वजनिक सूचना

मैसर्स भारत रसायन लिमिटेड प्राधिकरण प्रसन्नता पूर्वक सुचित करते हैं कि "एक्सपेंशन ऑफ एक्सिस्टिंग पेस्टीसाइड यूनिट" जो की स्थित है 2 कि.मी. स्टोन, मदीना मोखरा रोड, गॉव - मोखरा रोड, तहसील - मेहम, जिला रोहतक, हरियाणा - 124022 को दिनांक **27.10.2026** को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा एन्वायरमेंट क्लीयरेंस दिया को गया था (पत्र संख्या -(EC26A2001HR5678224N). क्लीयरेंस पत्र की प्रतिलिपि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालयए नई दिल्ली के साथ उपलब्ध हैं और यह भी उनकी वेबसाइट पर देखा जा सकता
http://environmentclearance.nic.in
तथा हमारी वेबसाइट
www.bharatgroup.co.in में उपलब्ध हैं

Sd/-
Kamleshwar Prasad Uniyal
(Director Operations)
M/s Bharat Rasayan Limited
Mokhra, Rohtak

पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान
NORTH EASTERN INSTITUTE OF AYURVEDA & HOMOEOPATHY
(An Autonomous Institute under the Ministry of Ayush, Govt. of India)
Mawdiangdiang, Shillong, Meghalaya - 793018

Advt. No. EST-13017/1/2024-Administrative Division/ H-2999 — Date: 28/10/2026

रिक्ति सूचना/VACANCY NOTICE

पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान (पू.आ.हो.सं.), शिलांग द्वारा पूर्णतः संविदा के आधार पर जैव-सांख्यिकीविद् (बायोस्टैटिस्टिशियन), आवासीय चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) तथा परामर्शदाता (फार्मेसी) के पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

North Eastern Institute of Ayurveda & Homoeopathy (NEIAH), Shillong is inviting applications for the post of **Biostatistician, Residential Medical Officer (Ayurveda) and Consultant (Pharmacy)** purely on **Contract Basis**.

अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट www.neiah.nic.in / www.neiahshillong.in देख सकते हैं।

For details, interested candidates may visit the Institute website namely www.neiah.nic.in / www.neiahshillong.in

Sd/-Director
NEIAH, Shillong
CBC-17217/11/0009/2627

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	वार्ड नं. 15, एम.सी. रोहतक में गांधी कैम्प में दुरेजा इलैक्ट्रिकल्स के बाहर वाली गली की सी.सी. गली का निर्माण + 6 कार्य।	28.10.2026 03.11.2026	91,17,068/-	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 sermcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50625/I/88/6 दि. 29.10.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका महम	म्यूनिसिपल क्षेत्र महम से बंदरों को पकड़ना और दूर छोड़ना।	29.10.2026 04.11.2026	डीएनआईटी के अनुरूप	https://etenders.hry.nic.in	9416022295 secretarymcmaham@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50624/I/88/6 दि. 29.10.26

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
Office of The
Executive Engineer Public Works Division Latur
E-mail latur.ee@mahapwd.com Telephone 02382/200868 Fax 02382 / 200147

Notice No. B-1/2 LTR- 13 For 2026-27 E-Tender

Online tenders for following Sanctioned works are invited by Executive Engineer Public Works Division Latur from the contractors registered with Government of Maharashtra in appropriated class. Tender Documents can be downloaded from web site of http//mahatenders.gov.in Right to accept or reject tenders is reserved with Executive Engineer Public Works Division Latur.

The Blank Tender forms can be download from date 29.10.2026 to 06.11.2026 upto 18:55 hrs. Download tender will be submitted online on or before date 06.11.2026 upto 18:55 hrs. open after date 09.11.2026 at 10:00. Pre-Bid Meeting Query Submitted Date 02.11.2026 at 11.00 am. The prebid for work 1 is on 02.11.2026 at C.E.Public Works Region Office, Nanded please at 15.00 pm.

NOTE -
1. Details of Tender Documents Will be available on website http//mahapwd.com http//mahatenders.gov.in
2. For details contact - 24 x 7 Help Desk Toll Free No. 1800 3070 2232 Mobile No.+917878107985 / 86+917878007972/73 Email eproc.maharashtra@gmail.com cppp-support@nic.in
3. Right is reserved to reject any or all tenders without any reason thereof.
4. We are not responsible for any problem crop up during the Online E-tender process.

Sd/- Executive Engineer
Public Work Division, Latur
आरओसी-२०२६-२७/क्र-५/C३४८९

राशिफल

मेष — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

वृष — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

कर्क — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

सिंह — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

धनु — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

मकर — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

कुंभ — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

मीन — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

बैंक कर्ज महंगा होने से कंपनियां बॉण्ड बाजार को दे रही तरजीह

मुंबई (एजेंसी)। बेहतर साख वाली कंपनियां बैंकों की तुलना में अपेक्षाकृत कम लागत पर धन जुटाने के लिए तेजी से बॉण्ड बाजार का रुख कर रही हैं। जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, एएए रेटिंग वाली कंपनियों ने अक्टूबर में अबतक 8.13 प्रतिशत से 8.85 प्रतिशत तक की ब्याज दर पर पैसा जुटाया है। ये बॉण्ड इस महीने की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के तुरंत बाद आए। इस समीक्षा में केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की थी और मौद्रिक नीति के रुख को भी 'तटस्थ' से बदलकर 'सूझ-बूझ के साथ सख्ती' वाला कर दिया था। विशेषज्ञों ने कहा कि बॉण्ड के जरिये कर्ज लेना बाहरी मानकों से जुड़ी ब्याज दरों वाले बैंक ऋण की तुलना में सस्ता हो सकता है। इसकी वजह यह है कि बैंक ऋण में मानक उधारी दर के ऊपर अतिरिक्त प्रीमियम भी लिए जाते हैं। रॉकफोर्ट फिनकैप एलएलपी के संस्थापक एवं प्रबंध साझेदार वेंकटकृष्णन श्रीनिवासन ने कहा कि देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से कर्ज लेने पर प्रभावी ब्याज दर 8.65 प्रतिशत होगी।



आईपीओ के नियम बदलने की तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों और कंपनियों के लिए नियमों में बदलाव की तैयारी है। बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि सेबी मेनबोर्ड आईपीओ और फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के नियमों की समीक्षा कर रहा है। इसके अलावा, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय घटाकर पांच कारोबारी दिन तक लाने का लक्ष्य है। पांडे ने कहा कि सेबी ऐसे सिस्टम पर भी काम कर रहा है, जिसमें थर्ड-पार्टी एजेंसियां जांचेंगी कि आईपीओ से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी ने बताए गए उद्देश्य के मुताबिक किया है या नहीं। उन्होंने बिना आर्थिक गतिविधियों वाली कुछ लिस्टेड कंपनियों को बाजार के लिए जोखिम बताते हुए ऐसी कंपनियों को हटाने की बात भी कही।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हम अपने कर्मचारियों को महत्व देते हैं
हम अपने पेंशनभोगियों का ध्यान रखते हैं

उत्तर रेलवे

पेंशनभोगी सेवा केंद्र,
मुख्यालय कार्यालय
बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली
में
1 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक
राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन
प्रमाण-पत्र अभियान 5.0
का आयोजन कर रहा है।

बैंकों में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों की सहायता के लिए

सामान्य आवश्यकताएँ:-
- **आधार संख्या** : सुरक्षित पहचान सत्यापन के लिए वैध आधार संख्या अनिवार्य है।
- **मोबाइल नंबर**: ओटीपी प्राप्त करने सहित विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।
- **पेंशन का विवरण**: पेंशनभोगियों को अपने पेंशन वितरण बैंक खाते की जानकारी और अनुमोदनकर्ता प्राधिकारी का नाम (पीपीओ की प्रतिलिपि) तैयार रखना चाहिए।
- **पासपोर्ट साइज फोटो**: प्रस्तुत करने की विधि के आधार पर एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो होना अपेक्षित है।
- **बैंक खाता विवरण**: आपके बैंक खाते की पासबुक जिसमें आईएफएस कोड दर्शाया गया हो, की प्रतिलिपि होना अपेक्षित है।

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा... हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3777/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

शब्द पहेली - 6393



बाएँ से दाए-
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
34. उदाहरणार्थ-4
35. पितृपक्ष-4

ऊपर से नीचे
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

शब्द पहेली - 6392 का हल

र	प	ट	ना		ज		अ	प	रा	ध
	ल		म		ना	वि	क		ल	ड़
ह			ज	ल	न		ल			क
म	क	स	द		खा	ना		थ	का	न
रा		ब		म	न		ध्व		लि	
ज	प	क	र	ना		रा	ज	कु	मा	र
	ह		बा		या	त्री		ली		वा
क	रा	र		न	न		अ	न	ब	न
म			ज		चा	क	र			गी
सि	ला		ह	म	ल		दा		सां	
न	क	सी	र		क		स	दा	चा	र



नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद नए नियम जारी किए

यूपी में हिंसा की तो नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

- पेपर लीक के आरोपियों पर भी लगाई रोक
- एफआईआर से ज्वाइनिंग नहीं रोकी जाएगी

हिंसात्मक तरीके से व्यवस्था में बदलाव (रिजीम चेंज) के लिए किसी भी तरह के हिंसक प्रदर्शन में शामिल पाए गए या नाम आता है या केस होता है तो सरकारी नौकरी मिलने में दिक्कत होगी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश में व्यवस्था बदलने के लिए युवा अगर सड़क पर उतरकर हिंसा करते हैं तो उन्हें सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। राज्य सरकार ने अलग-अलग विभागों, परिषदों, निगमों और स्थानीय निकायों में सीधी भर्ती से चुने जाने वाले कैंडिडेट्स के चरित्र प्रमाण पत्र से जुड़े नियमों में यह बदलाव किया है। यूपी में नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव एम. देवराज ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद नए नियम जारी किए हैं। इसके मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति ऐसे संगठन का सदस्य है, जिसका मकसद हिंसा के जरिए समाज की व्यवस्था बदलना है, तो उसे सरकारी नौकरी के लिए अयोग्य माना जाएगा। हालांकि, किसी को उसकी राजनीतिक विचारधारा के आधार पर अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा।



30 दिन में देनी होगी चरित्र सत्यापन रिपोर्ट

जिला पुलिस और अभिसूचना इकाई (एलआईयू) को चरित्र सत्यापन रिपोर्ट मिलने के 30 दिन के भीतर नियुक्ति प्राधिकारी को रिपोर्ट देनी होगी। समय पर रिपोर्ट नहीं मिलने पर गृह विभाग इसकी निगरानी करेगा। सत्यापन के लिए पुलिस या एलआईयू अभ्यर्थी के घर जाकर पूछताछ नहीं करेगी और न ही उसकी भौतिक उपस्थिति जरूरी होगी। यदि रिपोर्ट प्रतिकूल होती है तो जिलाधिकारी अपनी संस्तुति भेजने से पहले अभ्यर्थी को ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से अपना पक्ष रखने का अवसर देंगे।

यह बनी वजह

हाल के दिनों में नई दिल्ली, लखनऊ समेत कई जगहों पर जेन-जी आंदोलन और भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे। कुछ संगठनों ने आंदोलन के दौरान रिजीम चेंज का आह्वान भी किया था। भाजपा ने इन प्रदर्शनों को लेकर विपक्ष पर हिंसा के जरिए सत्ता बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

इन मामलों में आरोप तय हुए तो अयोग्य

■ हत्या, बलवा, देशद्रोह, फिरौती के लिए अपहरण, दुष्कर्म, दहेज हत्या और पॉक्सो अधिनियम से जुड़े मामलों में आरोप तय होने या दोषी ठहराए जाने पर अभ्यर्थी को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी।

■ नकल कराने वाले गिरोह, प्रश्नपत्र लीक करने वाले, साल्वर गैंग, दूसरे की जगह परीक्षा देने वाले और फर्जी प्रमाणपत्र बनवाने वाले भी नौकरी के लिए अपात्र होंगे।

■ डिजिटल अरेस्ट और यूपीआई से ठगी जैसे साइबर अपराधों में शामिल लोगों पर भी यह नियम लागू होगा। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), गैंगस्टर एक्ट से जुड़े मामलों में भी अभ्यर्थियों को नौकरी के लिए अयोग्य माना जाएगा।

मध्य प्रदेश के शिवपुरी का मामला, क्षेत्र में मातम पसरा

छोटी बहन बच्चे समेत कुएं में कूदी, बड़ी ने भी तीन बच्चों के साथ छलांग लगाई, छह की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शिवपुरी(मप्र)

मध्यप्रदेश के शिवपुरी में दो बहनों ने अपने बच्चों के साथ कुएं में कूदकर जान दे दी। पहले छोटी बहन अंजलि (35) ने अपने छह साल के बेटे प्रशांत के साथ कुएं में छलांग लगाई। करीब पांच घंटे बाद बड़ी बहन सीता रावत (40) अपने तीन बच्चों के साथ कुएं में मिली। दोनों घटनाओं में दो बहनों और चार बच्चों की मौत हो गई। अंजलि आठ महीने की गर्भवती थी। दोपहर करीब एक बजे बैराड़ थाना क्षेत्र के गूंगरगांव में अंजलि ने अपने छह साल के बेटे प्रशांत के साथ कुएं में छलांग लगा दी। उसकी तीन बेटियां भी साथ थीं, लेकिन बड़ी बेटी मोनिका ने खुद और अपनी दोनों छोटी बहनों को बचा लिया।



पति की मौत के बाद से तनाव में थी अंजलि

इसके बाद उसने घर पहुंचकर परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और अंजलि व प्रशांत को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। अंजलि आठ महीने की गर्भवती थी। उसकी मौत के साथ गर्भ में पल रहे बच्चे की भी जान चली गई। परिजन के मुताबिक, अंजलि के पति धर्मवीर सिंह रावत की करीब डेढ़ महीने पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इसके बाद से वह मानसिक तनाव में थी।

मनी लॉन्ड्रिंग केस में लालू यादव को हाईकोर्ट से राहत, ईडी को नोटिस

नई दिल्ली। आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरजेडी प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत मिली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने लालू यादव की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप तय किए जाने को चुनौती दी है। जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए लालू यादव को अगली सुनवाई तक ट्रायल कोर्ट में होने वाली कार्यवाही स्थगित कराने की अनुमति भी दे दी है। अब इस मामले में तीन दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। लालू यादव ने ट्रायल कोर्ट के 10 सितंबर के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।



कर्नाटकः दूध के दाम 8 रुपये प्रति लीटर बढ़े

बेंगलुरु। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को दूध की कीमतों में आठ रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने कहा कि इसमें से सात रुपये किसानों को और एक रुपये सहकारी समितियों को मिलेगा। कीमतों में यह बढ़ोतरी एक नवंबर से लागू होगी। गौड़ा ने कहा कि किसानों के सामने मौजूद संकट को देखते हुए विधान परिषद में सभी दलों के सदस्यों ने उनका समर्थन करने के लिए कदम उठाने की मांग की थी।

सायरन के शोर से परेशान होकर पड़ोसी की कार जलाई



- गुजरात के मोरबी की घटना
- पहले पेट्रोल डालकर आग लगाई, फिर वीडियो भी बनाया

एजेंसी ▶▶| मोरबी

गुजरात में मोरबी के पड़ोसी ने कार के लगातार बजने वाले सायरन से तंग आकर कार में आग लगा दी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कार को छूने पर हर बार सायरन बजता था।

पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। गुजरात के वाघपारा इलाके का मामला है। वकील पुष्पा भट्ट की शिकायत के अनुसार, 28 अक्टूबर को शाम करीब 4:45 बजे उनकी स्विफ्ट कार घर के पास खड़ी थी, तब उनके पड़ोसी शिखर गोहेल ने बोतल से पेट्रोल डालकर कार में आग लगा दी। आरोपी ने पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड भी कर लिया। यह पूरी घटना पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

हेरोइन तस्करों के गैंग का फाइनेंसर यूपी से गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| सोनभद्र

हेरोइन तस्करों के गैंग के फाइनेंसर बाराबंकी जनपद के जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरा मुर्तजा निवासी मोहम्मद वकील को बुधवार को पुलिस टीम ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ लखनऊ, बाराबंकी और सोनभद्र में चोपन में तीन मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने 17 अगस्त को चोपन थाना क्षेत्र से दो लग्जरी कार से एक किलो 204 ग्राम हेरोइन बरामद किया था। इस मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान बाराबंकी निवासी मोहम्मद वकील का नाम सामने आया था। तब से पुलिस इसकी लगातार तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि वकील की भूमिका तस्करी नेटवर्क को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के रूप में सामने आई है।



■ दो लग्जरी कार से एक किलो 204 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया था

बड़ा नेटवर्क सक्रिय

जांच में पता चला था कि आरोपितों का एक बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जिसके माध्यम से लखनऊ, बाराबंकी आदि स्थानों से थोक मात्रा में हेरोइन लाकर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में फुटकर बिक्री कराई जाती है। इस नेटवर्क के माध्यम से विशेषकर युवाओं तक मादक पदार्थ पहुंचाए जाने से उनके स्वास्थ्य एवं पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

जज की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

कोच्चि मर्सिडीज हिट एंड रन केस

एजेंसी ▶▶| केरलम

केरलम हाईकोर्ट ने कोच्चि के मर्सिडीज हादसे में 17 साल के नाबालिग आरोपी के पिता और एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि जज न्यायिक अधिकारी हैं और जांच में सहयोग कर चुके हैं। पूछताछ के लिए पेश हुए थे। यह हादसा 24 अक्टूबर की देर रात कोच्चि के चेरानल्लूर इलाके में हुआ था। आरोप है कि जज का नाबालिग बेटा तेज रफ्तार मर्सिडीज चला रहा था। उसने स्कूटर सवार जयबालकृष्णन को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई।

बेटे के कार ले जाने की जानकारी नहीं थीः जज

जज ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल कर कहा कि उन्हें पता नहीं था कि उनका बेटा कार लेकर घर से निकला है। उनके मुताबिक, वे रात 1:28 बजे सोने चले गए थे। उन्हें हादसे की जानकारी रात 2:14 बजे फोन से मिली। दो दिन पहले हाईकोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने जज के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199ए के तहत मामला दर्ज किया और मामले में आरोपी बनाया था। पुलिस के मुताबिक, जज से बुधवार को पूछताछ की गई थी।



चिंतन

ठगी मामलों में जिम्मेदारी से नहीं बच सकते बैंक

डिजिटल बैंकिंग ने लेन-देन को जितना आसान बनाया है, साइबर अपराधियों ने भी उसी रफ्तार से लोगों की जमा-पूंजी पर सेंध लगाने के तरीके खोज लिए हैं। मोबाइल की एक घंटी, वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी और गिरफ्तारी का डर दिखाकर लोगों को उनकी जीवनभर की कमाई से वंचित किया जा रहा है। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी अब केवल साइबर अपराध की समस्या नहीं, बल्कि बैंकिंग व्यवस्था की सुरक्षा और जवाबदेही की भी गंभीर परीक्षा है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए बैंकों की जिम्मेदारी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उनकी लापरवाही से ठगी होती है तो उन्हें पीड़ितों को हर्जाना देना चाहिए। यह टिप्पणी बैंकिंग प्रणाली को उसकी बुनियादी जिम्मेदारी याद दिलाती है। ग्राहकों के धन की सुरक्षा केवल खाताधारक की सतर्कता पर नहीं छोड़ी जा सकती। आंकड़े समस्या की गंभीरता को रेखांकित करते हैं। वर्ष 2026 में अब तक डिजिटल अरेस्ट के 22 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं और 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी हुई है। वर्ष 2025 में ऐसे 58,239 मामलों में लगभग 1,211 करोड़ रुपये गंवाए गए। ये आंकड़े बताते हैं कि जागरूकता अभियान और लगातार सामने आ रही खबरों के बावजूद अपराधियों का जाल कमजोर नहीं पड़ा। सवाल यह है कि जब डिजिटल लेन-देन का पूरा तंत्र बैंकों की निगरानी में संचालित होता है, तब असामान्य और संदिग्ध लेन-देन को समय रहते पकड़ने की व्यवस्था कितनी प्रभावी है? कोई खाताधारक अचानक अपनी जमा-पूंजी कुछ ही मिनटों में दूसरे खातों में भेजने लगे, किसी खाते में असामान्य रकम आने और तत्काल आगे हस्तांतरित होने का सिलसिला शुरू हो जाए या किसी खाते का इस्तेमाल लगातार संदिग्ध लेन-देन के लिए हो, तो बैंकिंग प्रणाली को सतर्क होना चाहिए। बैंक अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते। असामान्य लेन-देन पर तत्काल अतिरिक्त सत्यापन, ग्राहक से स्वतंत्र माध्यम से संपर्क, संदिग्ध खातों की त्वरित जांच और ठगी की आशंका होने पर धन हस्तांतरण को अस्थायी रूप से रोकने की प्रभावी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। ऐसे मामलों में पुलिस, साइबर अपराध इकाइयों, बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं के बीच तत्काल सूचना साझा करने का तंत्र भी जरूरी है। बैंकों की जवाबदेही तय करने के मामले में भी स्पष्ट नियम जरूरी हैं। यदि जांच में साबित हो कि बैंक ने निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया, संदिग्ध गतिविधियों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं की या शिकायत मिलने के बाद धन रोकने में अनुचित देरी की, तो पीड़ित को मुआवजा दिया जाना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक को इस दिशा में ठोस नियम बनाने चाहिए, ताकि ग्राहकों को मुआवजे के लिए भटकना न पड़े। दूसरी ओर, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर भयभीत किए जा रहे लोगों को यह समझाना भी जरूरी है कि पुलिस, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसियां वीडियो कॉल पर किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करतीं और न ही गिरफ्तारी से बचने के लिए किसी खाते में रकम जमा कराने की वैध प्रक्रिया है। अपराधी सरकारी प्रतीकों, फर्जी पहचान और मनोवैज्ञानिक दबाव का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में लोगों को अनजान वीडियो कॉल पर भरोसा नहीं करना चाहिए, न ही ओटीपी, बैंक विवरण या गोपनीय जानकारी साझा करनी चाहिए। यदि ग्राहक को यह आशंका रहने लगे कि उसकी जीवनभर की कमाई कुछ मिनटों में गायब हो सकती है और उसके बाद उसे केवल शिकायतों के चक्कर लगाने पड़ेंगे, तो डिजिटल बैंकिंग की विश्वसनीयता प्रभावित होगी।



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अब जीएसटी सुधारों का नया दौर

एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों नई दिल्ली में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों ने कर व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी, नागरिक-अनुकूल और व्यवसाय-सुगम बनाने की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

1 नवंबर से लागू होने वाले जीएसटी के चरणबद्ध बदलाव और फिर एक अप्रैल 2027 के भावी जीएसटी रोडमैप से जीएसटी प्रणाली करदाताओं को नौकरशाही के जटिल जाल से राहत दिलाने, कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) के प्रवाह को गति देने और भरोसे पर आधारित प्रशासन (ट्रस्ट-बेस्ड गवर्नेंस) को स्थापित करने के मद्देनजर मील का पत्थर बनने जा रही है। यह सर्वविदित है कि भारत में जीएसटी का वर्तमान स्वरूप रातों-रात तैयार नहीं हुआ, बल्कि यह पिछले चार दशकों में किए गए क्रमिक आर्थिक एवं प्रशासनिक सुधारों का प्रतिफल है। भारत में आधुनिक अप्रत्यक्ष कर सुधारों की नींव 1976 में एल. के. झा समिति की सिफारिशों से पड़ी, जिसने तत्कालीन जटिल उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) को समाप्त कर संशोधित मूल्य वर्धित कर लागू करने का सुझाव दिया था। इसके उपरांत वर्ष 1987 में मॉडवैट लागू होने के साथ ही भारतीय कर व्यवस्था में पहली बार इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की अवधारणा ने मूर्त रूप लिया, जिसने कर पर कर (कैस्केडिंग इफेक्ट) के बोझ को कम किया। 2000 के दशक की शुरुआत में डॉ. विजय केलकर टास्क फोर्स ने देश में एक एकीकृत 'नेशनल जीएसटी मॉडल' का प्रस्ताव रखा, जिसने व्यापक कर सुधारों का खाका खींचा। फिर राज्यों के वित्त मंत्रियों के अधिकार प्राप्त समूह ने रेवेन्यू न्यूट्रल रेट, प्लेस ऑफ सप्लाई नियमों और अंतरराज्यीय लेन-देन के लिए क्लियरिंग हाउस मैकेनिज्म पर काम किया। आखिरकार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और आवश्यक संवैधानिक संशोधन के माध्यम से 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में एकीकृत जीएसटी कानून लागू किया गया। निसंदेह जीएसटी लागू होने के बाद से भारत का कर आधार (टैक्स बेस) तेजी से विस्तृत हुआ है और संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) के डिजिटलीकरण, ई-वे बिल और ई-इन्वॉयसिंग जैसे तकनीकी नवाचारों ने कर चोरी पर अंकुश लगाकर असंगठित क्षेत्र को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ा है। इन सुधारों के कारण राजस्व संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है; जहां वित्तीय वर्ष 2017-18 के शुरुआती दौर में औसत मासिक संग्रह



लगभग 90,000 करोड़ रुपये प्रति माह रहता था, वहीं सितंबर 2026 में यह बढ़कर 2,00,000 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। यह ऐतिहासिक राजस्व संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की आंतरिक मजबूती, कर अनुपालन में आई पारदर्शिता और कर प्रणाली की उच्च दक्षता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि जीएसटी परिषद की हालिया बैठक में करीब 9 वर्षों के अनुभवों के आधार पर दूरगामी सुधारों को हरी झंडी दी गई है। इनसे नए रिफंड आवेदनों को पूरी तरह से डिजिटल और जोखिम मूल्यांकन आधारित ऑटोमेटेड सिस्टम पर स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे रिफंड पावती की अवधि घटेगी और दावा की गई राशि बिना किसी अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप के सीधे कारोबारियों के बैंक खातों में जमा होगी। इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से जूझ रहे उद्योगों को बड़ी राहत देते हुए 90 प्रतिशत तक का अस्थायी रिफंड तुरंत स्वीकृत करने की व्यवस्था की गई है, जिससे एमएसएमई और विनिर्माण इकाइयों की फंसी हुई पूंजी तुरंत अनलॉक होगी। सामान की बिक्री के बाद दी जाने वाली छूट (पोस्ट-सेल डिस्काउंट) और क्रेडिट नोट से जुड़े अनुपालन नियमों को व्यावहारिक और लचीला बनाया गया है, जिससे व्यापारी अपनी वास्तविक कर देनदारी का सटीक संतुलन बना सकेंगे। कर प्रशासन में पारदर्शिता लाने और व्यापारियों में विश्वास जगाने के लिए कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। एक ऐतिहासिक कदम के तहत जीएसटी अधिकारियों की सीधी गिरफ्तारी की शक्तियों को सीमित कर दिया गया है; अब अधिकारी महज कानून का हवाला देकर कारोबारियों को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे और इसके लिए अदालत से पूर्व आदेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अभियोजन (प्रॉसिक्यूशन) की सीमा को बढ़ाए जाने से छोटे और ईमानदार व्यापारियों में फैला 'टैक्स टेरर' का डर समाप्त होगा। इसके अतिरिक्त, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से व्यापार करने वाले छोटे व असंगठित विक्रेताओं के लिए पंजीकरण और अनुपालन की शर्तों को बेहद आसान बनाया गया है, जिससे वे वेयरहाउस का उपयोग कर बिना जटिल कागजी कार्रवाई के व्यापार कर सकेंगे। छोटे विवादों से राहत देते हुए 10,000 रुपये से कम की कुल कर देनदारी पर अब कारण बताओ नोटिस (शो कॉज नोटिस) जारी न करने और धारा 125 के तहत सामान्य जुर्मानों की सीमा घटाने के फैसले लिए गए हैं। कर ढांचे को व्यावहारिक बनाने के लिए कर दरों और स्लैब का पुनर्गठन एक अत्यंत प्रभावी कदम सिद्ध हुआ है। जीएसटी के शुरुआती वर्षों में मुख्य रूप से चार कर स्लैब (5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, और 28 प्रतिशत) तथा विभिन्न उपकर (सेस) प्रभावी थे, जिन्हें बाद में जीएसटी परिषद द्वारा व्यापक समीक्षा के बाद पुनर्गठित कर मुख्य रूप से दो प्रमुख स्लैब- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के अंतर्गत सुव्यवस्थित किया गया। निसंदेह जीएसटी संबंधी हालिया सुधार सराहनीय हैं, परंतु जीएसटी को पूर्णतः गुड एंड सिंपल टैक्स बनाने के लिए अभी भी कुछ महत्वपूर्ण मोर्चों पर काम किया जाना शेष है। पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस, बिजली और एविएशन टर्बाइन फ्यूल को अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है, जब तक ये वस्तुएं जीएसटी के तहत नहीं आतीं, तब तक समूची मूल्य श्रृंखला में इनपुट टैक्स क्रेडिट का निर्बाध प्रवाह संभव नहीं है। उम्मीद करें कि एक नवंबर से चरणबद्ध तरीके से लागू हो रहे सुधारों और एक अप्रैल 2027 से लागू होने वाले जीएसटी के दीर्घकालिक सुधारों से जीएसटी प्रक्रियाओं के सरलीकरण और कर आतंक की समाप्ति से उद्योग-कारोबार जगत लाभान्वित होगा।

एक नवंबर से भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का नया दौर आकार लेने जा रहा है। इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत के अप्रत्यक्ष कर (इन डायरेक्ट टैक्स) ढांचे में 1 जुलाई 2017 को लागू हुई जीएसटी कर प्रणाली भारत के आर्थिक इतिहास का एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हो रही है और अब इससे भारत की आर्थिक मजबूती का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' के विजन के साथ शुरू हुई यह व्यवस्था विगत वर्षों में निरंतर प्रशासनिक, तकनीकी और प्रक्रियागत सुधारों से गुजरते हुए अब अपने सबसे परिपक्व चरण में प्रवेश कर रही है।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विधान परिषद चुनाव
बाल मुकुन्द ओझा



भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए खतरे की घंटी

देश के 4 राज्यों की 28 विधान परिषद सीटों के चुनाव नतीजों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों में खलबली मचा दी है। भाजपा ने प्रतिष्ठा वाली सीटों पर हार के मद्देनज़र आत्म चिंतन और विश्लेषण शुरू कर दिया है। बैठकों का दौर चल रहा है। कांग्रेस अपनी बुरी हार के बावजूद एक नवम्बर की रैली में व्यस्त है। कांग्रेस ने 12 सीटों पर चुनाव लड़ा और महज एक सीट पर विजय हासिल की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की बैलेट पेपर पर हार से तंज कसते हुए कहा, चार बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में विधान परिषद चुनाव में 28 सीटों पर मतदान पर्ची से हुए। अनुमान लगाइए कि इनमें कांग्रेस को कितनी सीट मिली हैं। वहीं कांग्रेस ने पलटवार करते हुए बनारस और नागपुर की हार पर भाजपा को आईना दिखाया है। दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर हमलावर हो रही हैं। कर्नाटक में सत्तारूढ़ होने के बावजूद कांग्रेस ने चारों सीटें गंवा दी।

इनमें एक सीट पहले कांग्रेस के पास थी। वहीं भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बनारस संसदीय सीट पर हुए स्नातक और शिक्षक दोनों सीटों पर शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। यही नहीं, आरएसएस मुख्यालय की नागपुर सीट भी भाजपा ने कांग्रेस के हाथों गंवा दी। नागपुर आरएसएस का मुख्यालय होने के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का भी गृह क्षेत्र है। हालांकि भाजपा ने अपने सहयोगी दलों के साथ 28 में से 16 सीटों पर जीत हासिल की है। अकेले भाजपा को इनमें से 13 सीटें मिली हैं। उसकी सहयोगी जदयू, जदएस और शिवसेना (शिंदे) को एक-एक सीट मिली है। इसी के साथ ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने के नतीजे भी कांग्रेस को मुफीद नहीं रहे। चुनावों में क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी, जबकि कांग्रेस बुरी तरह पिछड़ गई। यूपी में कुछ ही माह बाद विधान सभा चुनाव होने जा रहा है। इस दृष्टि से इन चुनावों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और कर्नाटक की 28 सीटों के लिए हुए चुनाव में बीजेपी ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल की, जबकि सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस महज एक सीट पर जीत हासिल कर पाई है। यह कांग्रेस के लिए झटके की तरह है। वहीं बीजेपी भले ही सबसे ज्यादा सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही हो, लेकिन वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की 2 सीट और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संसदीय क्षेत्र नागपुर की स्नातक सीट से हार गई। यूपी में 11 सीटों पर विधान परिषद के चुनाव हुए थे। इनमें से छह सीटों पर भाजपा जीती है और पांच सीटें मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने जीती हैं। पहले सपा के पास तीन सीटें थीं और दो सीटों पर निर्दलीय जीते थे। इस बार सपा ने पांच सीटें जीती हैं। सपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी की स्नातक और शिक्षक दोनों सीटों पर जीत दर्ज की है। स्नातक सीट पर आशुतोष सिन्हा ने भाजपा के केदारनाथ सिंह को हराया तो शिक्षक सीट पर लाल बिहारी यादव ने प्रमोद मिश्रा को हराया। इसके अलावा राजधानी लखनऊ में सपा की कांति सिंह और इलाहाबाद-झांसी सीट पर सपा के मानसिंह यादव जीते। शिक्षक क्षेत्र में सपा ने आगरा और वाराणसी दो सीटों पर जीत हासिल की। गोरखपुर सीट पर कांटे की टक्कर में भाजपा के ध्रुव त्रिपाठी सिर्फ 307 वोट से जीते। भाजपा को शिक्षक क्षेत्र में मेरठ और लखनऊ में जीत मिली है, जबकि स्नातक क्षेत्र में आगरा और मेरठ-सहारनपुर में जीत मिली है। बिहार में आठ सीटों पर चुनाव हुए थे, जिनमें से चार सीटें एनडीए के खाते में गई हैं, जबकि चार सीटें अन्य को मिली हैं। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा 30 साल के बाद हारी है। राजद के डॉक्टर संजीव ने भाजपा को नवल किशोर यादव को हराया। भाजपा ने कोशी स्नातक, दरभंगा स्नातक, तिरहुत शिक्षक सीट पर जीत हासिल की है। जनता दल को सिर्फ एक पटना स्नातक की सीट मिली है।

दरभंगा शिक्षक सीट जनसुराज के सुरेश राय ने जीती है। सारण शिक्षक और तिरहुत स्नातक सीट पर निर्दलीय जीते हैं। महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों के नतीजे आ गए थे। इनमें से दो सीटें सत्तारूढ़ गठबंधन यानी भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति ने जीती हैं और तीन सीटें विपक्ष यानी महाविकास आघाडी के खाते में गई हैं। पुणे शिक्षक सीट पर भाजपा के कौस्तुभ गावडे और अमरावती शिक्षक सीट पर एकनाथ शिंदे की शिव सेना के किरण सरनाइक जीते हैं। महाविकास अघाड़ी में दोनों सीटें शरद पवार की एनसीपी को मिली हैं। छत्रपति संभाजीनगर स्नातक सीट और पुणे स्नातक सीट उनके उम्मीदवार जीते हैं। नागपुर स्नातक सीट कांग्रेस ने जीत ली है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

खोने के डर को मन पर हावी न होने दें



संकलित
दर्शन

कई बार छोटी-छोटी बातें भी मन को इतना परेशान कर देती हैं कि जरूरी काम करना मुश्किल हो जाता है। किसी बात के बिगड़ने का डर हो या कुछ खोने की चिंता, मन लगातार उलझा रहता है। ऐसे में श्रीमद्भगवद्गीता की सीख जीवन को देखने का नजरिया बदल सकती है। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए मनुष्य को सुख-दुख और लाभ-हानि में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया है। भगवान श्रीकृष्ण की सीख के अनुसार, मनुष्य की चिंता का एक बड़ा कारण किसी चीज को खोने का डर है। जब हम किसी उपलब्धि, रिश्ते या सुख-सुविधा से बहुत ज्यादा जुड़ जाते हैं, तो उसे खोने की आशंका परेशान करने लगती है। कई बार मनुष्य किसी चीज को हासिल करने के बाद भी उसके छिन जाने की चिंता में रहता है। इसलिए जीवन में जो कुछ मिला है, उसका आनंद लें, लेकिन उसे हमेशा अपने पास बनाए रखने की जिद ना करें। यही सोच मन को हल्का रखने में मदद करती है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने हर परिस्थिति में संतुलित रहने की सीख दी है। जीवन में कभी मन के मुताबिक परिणाम मिलते हैं, तो कभी निराशा हाथ लगती है। अगर हर अच्छी बात पर जरूरत से ज्यादा खुश और हर परेशानी में टूटने लगेंगे, तो मन हमेशा बेचैन रहेगा। इसलिए सुख मिलने पर अहंकार ना करें और दुख आने पर हिम्मत ना हारें। समय के साथ परिस्थितियां बदलती रहती हैं। इस बात को समझने वाला व्यक्ति मुश्किल समय में भी धैर्य बनाए रखता है।

दूसरों से सीखिए, नकल मत कीजिए



संकलित
प्रेरणा

जिंदगी में हम सभी किसी ना किसी से प्रभावित होते हैं। कोई अपने माता-पिता से कुछ सीखता है, कोई शिक्षक से, तो कोई किसी सफल व्यक्ति को देखकर आगे बढ़ने की कोशिश करता है। दूसरों की अच्छी आदतों और विचारों से सीखना गलत नहीं है। परेशानी तब शुरू होती है, जब हम सीखने के बजाय उसी व्यक्ति की नकल करने लगते हैं। स्वामी विवेकानंद की एक सीख इसी बात की ओर ध्यान दिलाती है। उनका संदेश था - दूसरों से जो भी अच्छा है, उसे सीखो, लेकिन उसे अपनी तरह से अपनाओ, किसी और जैसे मत बनो।' इस विचार में सीखने के साथ-साथ अपनी पहचान बनाए रखने की बात भी कही गई है। हर इंसान के पास कुछ ना कुछ ऐसा जरूर होता है, जिससे हम सीख सकते हैं। किसी का अनुशासन अच्छा हो सकता है, किसी की मेहनत, किसी का धैर्य तो किसी की सोचने का तरीका हमें प्रभावित कर सकता है। विवेकानंद की सीख है कि ऐसी अच्छी बातों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मन को खुला रखें और जहां से अच्छी बात मिले, उसे सीखने की कोशिश करें। ज्ञान किसी एक व्यक्ति या जगह तक सीमित नहीं होता है। किसी की बात अच्छी लगी, तो उसे तुरंत अपनी जिंदगी का नियम बना लेना जरूरी नहीं है। हर व्यक्ति की परिस्थितियां अलग होती हैं। जो तरीका किसी दूसरे के लिए सही है, जरूरी नहीं कि वह आपके लिए भी उसी तरह काम करे। इसलिए किसी अच्छी बात को पहले समझना चाहिए। फिर देखना चाहिए कि उसे अपनी जिंदगी और परिस्थितियों के हिसाब से कैसे अपनाया जा सकता है।

अंतर्मन



आज की पाती

अपशिष्ट प्रबंधन के ठोस उपाय करना जरूरी

कम करें, पुनः उपयोग करना, रीसायकल करना एक ऐसा टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन है, जो सामाजिक रूप से स्वीकार्य और पर्यावरण के अनुकूल है। अपशिष्ट उत्पाद आज दुनिया की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाले प्रदूषण का कारण बनता है। कम करना, पुनः उपयोग करना और रीसायकल करना भूमि, वायु और जल प्रदूषण के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक को खत्म करने के तीन बेहतरीन तरीके हैं। कम करने का मतलब है कि अपशिष्ट की मात्रा कम हो जाती है। अपशिष्ट में कमी का सीधा मतलब है उन चीजों को कम करना जिन्हें हम उपयोग करते हैं और केवल वही उपयोग करते हैं जो आवश्यक है।

- नेहा, रोहतक

ट्रेंड

आयुष्मान वय वंदना योजना



हमारे बुजुर्गों के लिए सम्मानजनक जीवन, बेहतर स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। इस दिशा में, 29 अक्टूबर 2024 को 'आयुष्मान वय वंदना योजना' की शुरुआत के आज दो साल पूरे हो गए हैं।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

टाटा को बर्बाद कर रहे



टाटा को आपराधिक तरीके से बर्बाद किया जा रहा है, और किसी भी कारोबारी नेता में एक शब्द बोलने की हिम्मत नहीं है। आप कब तक चुप रहेंगे? क्या तब तक, जब तक वे आप पर पूरी तरह कब्जा न कर लें? भारतीय कारोबार मोदी और शाह के खिलौने नहीं हैं।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

मतदान रोकने की साजिश



वाराणसी में मतदान को रोकने या धीमा करने के पीछे की साजिश को सब समझते हैं, लेकिन बीजेपी इसमें कामयाब नहीं होगी। वाराणसी में बीजेपी की हार राष्ट्रीय खबर न बन जाए, इसे रोकने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

अधिकार की रक्षा



1 नवंबर को 'इंडिया' रामलीला मैदान में एकजुट होकर खड़ा होगा। 'वोट चोरी' के खिलाफ यह लड़ाई, हर भारतीय के चुनने के अधिकार की रक्षा करने की लड़ाई है। बंगाल और अन्य राज्यों में हुई 'वोट लूट' पर जवाब चाहिए, खामोशी नहीं!

- ममता बनर्जी, पूर्व सीएम, प. बंगाल

करंट अफेयर

मंदिर पर गोलीबारी, दक्षिण एशियाई समुदाय में चिंता



शिकागो के पास एक हिंदू मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की साजिश को नाकाम किए जाने के बाद क्षेत्र के दक्षिण एशियाई समुदाय में डर का माहौल है, जिसने आस्था और पारिवारिक समारोहों के आमतौर पर उल्लासपूर्ण मौसम को फीका कर दिया है। अभियोजकों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में, जब 11 अक्टूबर को नवरात्र का त्योहार शुरू होने पर श्रद्धालु हिंदू मंदिरों में इकट्ठा हुए थे, तब एलेक्जेंड्रोस पापोराकिस इलिनॉय के ऑरोरा स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी (बालाजी) मंदिर पहुंचा और पार्किंग क्षेत्र में बैठ गया, लेकिन राइफल जाम होने के कारण गोली चलाए बिना ही भाग गया। अभियोजकों ने बताया कि पापोराकिस (19) को उसी दिन शिकागो से करीब 64 किलोमीटर दूर इलिनॉय के पैलेटाइन स्थित उसके घर के पास गिरफ्तार किया गया। 'टैको बेल' के एक कर्मचारी ने अधिकारियों को उसकी भारतीय लोगों को मारने की योजना के बारे में सूचना दी थी। उस पर आतंकवादी धमकी देने और अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने के गंभीर आरोप हैं। उसे शुक्रवार को फिर अदालत में पेश होना है। दक्षिण एशियाई समुदाय को एकजुट करने वाले गैर-लाभकारी संगठन 'द शिकागो कसम' की कार्यकारी निदेशक आशा राव ने कहा कि समुदाय के लोग इस घटना से स्तब्ध और आक्रोशित हैं।

ऑफ बीट

ब्रिटिश पीएम बर्नहम आएंगे भारत, मजबूत होंगे रिश्ते



ब्रिटिश प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम भारत का दौरा करने के इच्छुक हैं और जल्द ही उनकी यात्रा हो सकती है। एक शीर्ष राजनयिक ने बृहस्पतिवारक को दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी का उल्लेख करते हुए यह जानकारी दी। भारत में कार्यवाहक ब्रिटिश उच्चायुक्त बेन मेलर ने यहां बताया कि पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के दौरान, बर्नहम ने भारत आने की अपनी इच्छा जताई थी। मेलर ने कहा, मुझे पता है कि एंडी बर्नहम भारत आने के लिए बहुत उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, जब बर्नहम ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था, उसके तुरंत बाद उनकी प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत हुई थी और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सामने सीधे तौर पर यह बात रखी थी। मुझे यकीन है कि हम जल्द ही ऐसा होता हुआ देख पाएंगे। इस साल 20 जुलाई को बर्नहम को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों पर, मेलर ने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि जैसे-जैसे ब्रिटेन और भारत की अर्थव्यवस्थाएं बढ़ेंगी, हम दोनों देशों के बीच व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य को पार कर लेंगे। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौता 100 दिन पहले लागू हुआ, लेकिन असल में इस पर एक साल से कुछ समय पहले ही हस्ताक्षर किए गए थे तथा तब से अब तक 12 अरब पाउंड के नए समझौते हो चुके हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

रणजी ट्रॉफी : मुंबई ने हरियाणा को 10 विकेट से हराया

मुंबई के तनुष ने 81 रन देकर हरियाणा के आठ विकेट झटके

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तनुष कोटियन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 81 रन देकर आठ विकेट लिए जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी के मैच में बृहस्पतिवार को यहां हरियाणा को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक हासिल किया।

मुंबई ने इस तरह से लगातार तीसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया। उसके सामने केवल 97 रन का लक्ष्य था। सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 67) और दिव्यांश सक्सेना (नाबाद 30) ने केवल 10.4 ओवर मुंबई को लक्ष्य तक पहुंचा दिया और उसे सात अंक दिलाए। इससे पहले मुंबई ने चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के खिलाफ भी बोनस अंक के साथ जीत हासिल की थी। मुंबई ने अपनी पहली पारी में 430 रन बनाए थे जिसके जवाब में हरियाणा 270 रन ही बना पाया था और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था।

हरियाणा ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 73 रन से आगे बढ़ाई और कुल 256 रन बनाए। उसकी तरफ से निशांत सिंधु (44), सामंत जाखर (40) और अनुज ठकराल (नाबाद 40) ही धीमी पिच पर कुछ संघर्ष कर पाए।



विदर्भ ने गोवा को एक पारी और 27 रन से दी शिकस्त

नागपुर में खेले गए मैच में बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के चार विकेट की मदद से विदर्भ ने गोवा को दूसरी पारी में 195 रन पर समेटकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन बृहस्पतिवार को एक पारी और 27 रन से जीत दर्ज की। फॉलोआन खेलते हुए गोवा की टीम दुबे की गेंदबाजी का सामना नहीं कर सकी। दुबे ने 38 रन देकर चार विकेट चटकाये जिनमें मंथन खुटकर (70) का विकेट शामिल था। यह विदर्भ की लगातार तीसरी जीत है जिससे वह 18 अंक लेकर ग्रुप ए में शीर्ष पर है। इससे पहले ध्रुव शोरे के 168 रन की मदद से आठ विकेट पर 442 रन बनाकर विदर्भ ने पहली पारी घोषित करके 222 रन की बढत ली थी। दानिश मालेवार ने 56 और अक्षय वाडकर ने 63 रन बनाये थे। गोवा ने पहली पारी में 220 रन बनाये थे।

सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराया

राजकोट में बायें हाथ के स्पिनर पार्थ भूत के आठ विकेट की मदद से सौराष्ट्र ने असम को एक पारी और 12 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। तीसरे दिन असम के सात विकेट 65 रन पर निकालने के बाद सौराष्ट्र की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। भूत ने सात रन के भीतर छह विकेट चटकाये। भूत ने 18 ओवर में 17 रन देकर आठ विकेट लिये। असम की टीम दूसरी पारी में 94 रन पर आउट हो गई। असम के पहली पारी के 281 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने 387 रन बनाये थे। पारी के अंतर से जीत के साथ सौराष्ट्र को एक बोनस अंक भी मिला। एक अन्य मैच में कर्नाटक ने भी त्रिपुरा को एक पारी और 116 रन से हराकर सात अंक हासिल किये।

हरमनप्रीत-सुखजीत के दो-दो गोल से भारत ने चीन को 5-2 से हराया

जालंधर (भाषा)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने दो-दो गोल किए, जिससे भारत ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट में चीन को 5-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सुखजीत (12वें और 34वें मिनट) ने दो शानदार मैदानी गोल दागे, जबकि हरमनप्रीत (27वें और 31वें मिनट) ने भारत के लिए दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। जुगराज सिंह (47वें मिनट) ने भी ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में मेजबान टीम के लिए पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा। चीन ने अपने दोनों गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए। उसके लिए पेंग यांग (26वें मिनट) और चोंगकॉन्ग चेन (36वें मिनट) ने यह गोल किए। भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 13-0 से हराया था, जबकि चीन एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मलेशिया से 4-5 से हार गया था। भारत अपना अगला मैच शुक्रवार को जापान के खिलाफ खेलेगा, जबकि चीन का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा। भारतीय टीम ने शुरू से ही खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और उसके खिलाड़ी कई बार सर्कल में पहुंचे, लेकिन 12वें मिनट तक कोई वास्तविक अवसर बनाने में असफल रहे। खेल के 12वें मिनट में जुगराज ने चीन के सर्कल के अंदर अकेले खड़े सुखजीत को गेंद दी जिसे इस स्ट्राइकर ने खूबसूरती से चीन के गोलकीपर हुआन्यु वू के ऊपर से गोल में डाल दिया।

आकलैंड में न्यूजीलैंड के साथ चौथा मुकाबला आज

प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों की रणनीति पर जोर देता आया

कुलदीप और वरुण को चौथे टी20 में मिल सकता है मौका

एजेंसी ▶▶ आकलैंड

श्रृंखला जीतने के बाद भारतीय टीम अब न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच में कुलदीप यादव और वरूण चक्रवर्ती को मौका दे सकती है। दोनों स्पिनरों को पिछले कुछ महीनों में उतने मौके नहीं मिले हैं क्योंकि टीम प्रबंधन आठवें नंबर तक बल्लेबाजों को चुनने की रणनीति पर जोर देता आया है। अब तक यह रणनीति कारगर भी रही है जिसके दम पर भारत ने तीनों मैच जीते। अगले दो मैचों में अब उतना दबाव नहीं है तो भारत अपने टीम संयोजन में प्रयोग कर सकता है। वरूण का फॉर्म पिछले छह महीने में अच्छा नहीं रहा है लेकिन कुलदीप ने बीच के ओवरों में विकेट चटकाये हैं। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दो मैचों में मौका मिला लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन मैचों में बेंच पर ही रहे।

भुवनेश्वर का डैथ ओवरों में रहा अच्छा प्रदर्शन

तेज गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने वेलिंगटन में पिछले मैच में डैथ ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिरी ओवर में लगातार यॉर्कर डाले। पहले तीन मैचों में हालांकि उन्होंने 72 गेंद में 139 रन दे डाले और वह काफी मेहंगे साबित हुए। चार साल बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे भुवनेश्वर को इसमें सुधार करना होगा।





वैभव को मिल सकता है फिर मौका

पिछले दो मैचों में मयंक यादव की जगह प्रिंस यादव को उतारा गया। अब देखना है कि मयंक को मौका मिलता है या टीम अब तक प्रभावी रहे प्रिंस पर ही भरोसा करती है। ईशान किशन ग्रोइन की चोट के कारण पिछले दो मैच नहीं खेल सके। वह अगर कल भी नहीं खेल पाते हैं तो वैभव सूर्यवंशी को फिर मौका मिल सकता है। वेलिंगटन में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अभिषेक शर्मा की पारी ने सुर्खियां बंटोरी। न्यूजीलैंड के लिये सबसे बड़ी चुनौती भारतीय शीर्षक्रम पर अंकुश लगाने की होगी। संजू सैमसन , अभिषेक और सूर्यवंशी ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करके न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को परेशान किया है। कप्तान मिचेल सेंटनेर ने बायें हाथ की स्पिन गेंदबाजी से प्रभावित किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिल सका। भारत ने वेलिंगटन में पहले छह ओवरों में ही रिकॉर्ड 118 रन बना लिये थे।

कुलदीप का आत्मविश्वास बनाए रखना होगा

कुलदीप को और बाहर रखने से उनके आत्मविश्वास पर असर हो सकता है लेकिन उन्हें टीम में लाने के लिये निचले क्रम तक बल्लेबाजी की मानसिकता से पार पाना होगा। तीसरे टी20 में दो स्पिनर हरफनमौला अक्षर पटेल और नमन धीर थे जिन्हें गेंदबाजी का भी मौका नहीं मिला। अब तक 115 मैचों में 7 . 70 की इकॉनॉमी से गेंदबाजी करने वाले अक्षर श्रृंखला में 9 . 58 रन प्रति ओवर की दर से रन दे चुके हैं और उन्हें दो ही विकेट मिले हैं।

एथलीट आयोग के लिए मीराबाई सिंधू के नामांकन पाए गए वैध





नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के एथलीट आयोग के चुनाव के लिए ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और मीराबाई चानू सहित सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र बृहस्पतिवार को जांच के बाद वैध पाए गए। चुनाव अधिकारी संजय के श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को उन उम्मीदवारों की सूची जारी की जिनके नामांकन वैध पाए गए। एथलीट आयोग के 2026-2030 कार्यकाल के लिए 10 सदस्यों (पांच पुरुष और पांच महिला) के चुनाव तीन नवंबर को होंगे। श्रीवास्तव ने 22 अक्टूबर को उन खिलाड़ियों की सूची जारी की थी जिनके नामांकन पत्र हासिल हुए थे। उसमें वही 12 खिलाड़ी शामिल थे। सिंधू और चानू के अलावा जिन अन्य खिलाड़ियों ने नामांकन भरा है उनमें पुरुष और महिला हॉकी के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सलीमा टेटे, निशानेबाज स्वप्निल कुशारे शामिल है।

- सभी 12 उम्मीदवारों के नामांकन जांच के बाद वैध, पांच साल के लिए चुनाव तीन नवंबर को होगा

सिंधू क्वार्टर फाइनल में, इशारानी-मालविका बाहर

सारब्रुकन (जर्मनी)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को यहां आसान जीत के साथ हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन मालविका बंसोड और इशारानी बरुआ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर के मैच में फ्रांस की रोजी ओक्टाविया पंचासारी को केवल 26 मिनट में 21-9, 21-6 से हराया। फ्रेंच ओपन की उपविजेता सिंधू ने खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा तथा 57 अंकों में से 42 अंक जीते। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला अमाली शुल्ज से होगा। मालविका को कनाडा की वेन यू झांग से 31 मिनट में 11-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। इशारानी भी टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

दिल्ली ने घरेलू महिला टी-20 में विश्व रिकॉर्ड बनाया

पुणे। दिल्ली ने बृहस्पतिवार को यहां सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी में हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट पर 262 रन बनाकर घरेलू महिला टी20 मैचों में एक पारी में सबसे अधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी दिल्ली की पारी का आकर्षण तनीषा सिंह का शतक रहा। उन्होंने 47 गेंद पर 119 रन बनाए। दिल्ली की टीम ने इसके बाद हैदराबाद को आठ विकेट पर 154 रन ही बनाने दिए और इस तरह से 108 रन से बड़ी जीत हासिल की। दिल्ली में गोवा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2019-20 में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ दो विकेट पर 257 रन बनाए थे। दिल्ली का स्कोर महिला टी20 में 11वां सबसे बड़ा स्कोर है। शीर्ष 10 स्कोर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बने हैं।

तनीषा का महिला टी-20 में सबसे तेज शतक

तनीषा ने 38 गेंद पर शतक पूरा किया जो महिला टी20 में तीसरा सबसे तेज शतक है। उनसे आगे किरण नवगिरे (34 गेंद) और सोफी डिवाइन (36) हैं जबकि डिएंड्रा डॉटिन भी 38 गेंद पर शतक लगा चुकी हैं। तनीषा ने अपनी पारी में 25 चौके और एक छक्का लगाया।

अस्ताना में इतिहास रचने से एक कदम दूर मनीषा, तनू ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। मनीषा भानवाला महिलाओं के 59 किलोग्राम में भारवर्ग के फाइनल में प्रवेश कर भारत की पहली महिला वर्ल्ड चैंपियन बनने से महज एक जीत दूर हैं। वहीं 72 किलोग्राम भारवर्ग में तनू शर्मा ने कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। मनीषा रोहतक जिले के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। हरियाणा कुश्ती के अध्यक्ष रमेश और कोच मनदीप ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मनीषा ने पूरे टूर्नामेंट में दबदबा बनाए रखा। प्री-क्वार्टर फाइनल में उन्होंने कनाडा की लॉरेंस ब्यूरेगार्ड को 6-2 और क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखु को 6-0 से मात दी। सेमीफाइनल में मनीषा ने अपने दिन का सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कजाकिस्तान की अल्टीन शागायेवा को घरेलू दर्शकों के सामने 10-0 (फॉल) से एकतरफा शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। मनीषा इस चैंपियनशिप के मौजूदा संस्करण में काजल धोचक और नीलम सिरोही के बाद फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय महिला बनी हैं। वहीं ओवरऑल वर्ल्ड चैंपियनशिप के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह चौथी भारतीय महिला पहलवान हैं। शुक्रवार को खिताबी मुकाबले में मनीषा का सामना अमेरिका की एबिगेल नेटे से होगा। दूसरी ओर, 72 किलोग्राम वर्ग में तनू शर्मा की कांस्य पदक की जीत भारतीय कुश्ती के लिए गर्व का क्षण है। उनकी यह सफलता देश की आने वाली युवा महिला पहलवानों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। पूरा देश अब मनीषा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक के लिए प्रार्थना कर रहा है।





सुजीत का पदक जीतने का सपना फिर अधूरा

अस्ताना। पिछले एक साल से शानदार प्रदर्शन कर रहे सुजीत कलकल का विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने का सपना फिर अधूरा रहा और वह पुरूषों के 65 किलो वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुल मजीद कुदियेव से हार गए। पिछले बारह महीने में अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप, 2026 एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों समेत सात खिताब जीत चुके सुजीत पिछले साल जगरेब में विश्व चैम्पियनशिप के रेपेशाज दौर के बाद से पहली बार हारे हैं।

बाल सारथी

हरियाणा सरकार

WOMEN & CHILD DEVELOPMENT DEPARTMENT

प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) इंटर्नशिप कार्यक्रम

कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों तथा समुदाय के इच्छुक व्यक्तियों को आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ECCE) में अपना योगदान देने के लिए "बाल सारथी" इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कौन जुड़ सकता है?
- किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय का विद्यार्थी या समुदाय का कोई भी इच्छुक व्यक्ति, जो ECCE में अपना योगदान देना चाहता है।

इंटर्नशिप अवधि
- न्यूनतम 2 माह से अधिकतम 6 माह तक।

आपकी भूमिका
- खेल आधारित गतिविधियों में सहयोग।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग।
- बच्चों के सीखने और विकास में सहयोग।

आपको क्या मिलेगा?
- व्यावहारिक अनुभव।
- प्रमाण-पत्र (महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा)।
- मार्गदर्शन और मेंटोरिंग।



आवेदन कैसे करें?
1. बाल सारथी पोर्टल पर जाएं।
2. अपनी जानकारी पंजीकृत करें।
3. आवश्यक विवरण अपलोड करें।
4. आवेदन सबमिट करें।

पंजीकरण के लिए QR कोड स्कैन करें या बाल सारथी पोर्टल पर जाएँ।

अपना समय दें, अपना अनुभव बढ़ाएं! बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में योगदान दें!

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा
बेज़ नंबर 15-20, सेक्टर 4, पंचकूला, हरियाणा-134112. फ़ोन: 0172 256 0349.
वेबसाइट: wcdhry.gov.in हेल्पलाइन: 181 | 1098

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

कार्यालय नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा
जिला विदिशा (म.प्र.)

नगर पालिका भवन, पुराना मेला ग्राउण्ड, शा. राजीव गांधी जनचिकित्सालय के पीछे, वार्ड क्र 15 गंजबासौदा
Email_cmoganjbasoda@mpurban.gov.in ☎ 07594-221104

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्र/SWM/2026/ गंजबासौदा दिनांक .....

नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदा का आमंत्रण किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है -

ई-निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य	ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक
2026_UAD_545656_1	SELECTION OF AN AGENCY NON-PROFIT ORGANIZATION FOR PROVIDING END-TO-END MANAGEMENT OF SOLID WASTE IN NAGAR PALIKA PARISHAD GANJBASODA	8835490.00	66300.00	10000.00	16.11.2026

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड, करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी mptenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा की स्वास्थ्य शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गंजबासौदा

छोटी-छोटी कमियों को दूर करने पर फोकस : जैकब्स

नई दिल्ली। टीम इंडिया ने 5 मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज में मेजबान न्यूजीलैंड को 3-0 से हरा दिया है। सीरीज के दो मैच बाकी हैं, जिन्हें जीतकर कीवी टीम सम्मान बचाना चाहेगी, लेकिन यह इतना आसान नहीं होने वाला है। सीरीज के बाकी बचे दो मैचों में न्यूजीलैंड का फोकस किस चीज पर होगा? इसके बारे में टीम के बल्लेबाज बेवोन जैकब्स ने बताया है। टी20 सीरीज पहले ही गंवा चुकी न्यूजीलैंड की टीम के बल्लेबाज बेवोन जैकब्स ने कहा कि मेजबान टीम इस सीरीज के बाकी बचे 2 मैचों में छोटी-छोटी कमियों को दूर करने पर फोकस करेगी। न्यूजीलैंड सीरीज में 0-3 से पीछे है।



आर्मेनिया की संसद में मचा जमकर हंगामा

महिलाओं पर विवादित बयान से भड़के नेता, सांसदों के बीच लात-घूंसे चले

सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद तारोन चखोयान ने विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन से माफी मांगने के लिए कहा था। उन्होंने कारापेटयन के परिवार को लेकर भी बयान दिया था। इससे नाराज विपक्षी सांसद स्पीकर के पोडियम की ओर बढ़े। देखते ही देखते बहस मारपीट में बदल गई

एजेंसी ▶▶ येरेवन

आर्मेनिया की संसद में गुरुवार को सत्तारूढ़ दल और विपक्षी सांसदों के बीच मारपीट हो गई। विवाद महिलाओं पर दिए गए विवादित बयान से शुरू हुआ था। सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद तारोन चखोयान ने विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन से माफी मांगने के लिए कहा था। चखोयान ने अपने भाषण में विपक्षी नेता कारापेटयन के चचेरे भाई सरगिस कारापेटयन के पुराने बयान का जिक्र करते हुए उनकी आलोचना की थी। सरगिस कारापेटयन ने एक पॉडकास्ट में महिलाओं की यौन संतुष्टि पर अपमानजनक टिप्पणी की थी।

घटना के बाद संसदीय कार्यवाही रोकी सुरक्षाकर्मियों ने मामले को संभाला


आर्मेनिया की संसद में एक-दूसरे से हाथापाई करते सांसद

महिलाओं को लेकर की थी अपमानजनक टिप्पणी

इसी साल जनवरी में एक समाजशास्त्री ने कहा था कि आर्मेनिया में अधेड़ उम्र की महिलाओं की राजनीति में दिलचस्पी बढ़ रही है। समाजशास्त्री ने इसकी वजह यौन असंतुष्टि बताया था। जब एक पॉडकास्ट में विपक्षी नेता कारापेटयन के चचेरे भाई सरगिस कारापेटयन से इस पर चर्चा हुई तो उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर देश में कोई भी महिला यौन संतुष्टि से वंचित नहीं रहेगी।

चखोयान से माफी मांगने को कहा

सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद तारोन चखोयान ने संसद में इसी बयान का जिक्र करते हुए विपक्षी नेता नारेक कारापेटयन पर निशाना साधा। चखोयान ने सवाल उठाया कि इस टिप्पणी के लिए अब तक महिलाओं से माफी क्यों नहीं मांगी गई। इसी बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।

कॉरिडोर में भी की मारपीट

संसद परिसर के कॉरिडोर में भी सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के सांसद एक-दूसरे से मारपीट करते नजर आए। सुरक्षाकर्मी मारपीट कर रहे सांसदों को रोकने की कोशिश करते रहे लेकिन सांसद नहीं रुके।

स्पेन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प

बोतलें-पटाखे फेंके, पीएम और परिवहन मंत्री के इस्तीफे की मांग

मैड्रिड। स्पेन में दो हाईस्पीड ट्रेनों की टक्कर में 68 लोगों की मौत के बाद लोगों का गुस्सा भड़क गया है।


पुलिस और प्रदर्शनकारी

गुरुवार को सैकड़ों लोगों ने राजधानी मैड्रिड में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान स्पेन के परिवहन मंत्रालय के बाहर दक्षिणपंथी समूहों और पुलिस के बीच टकराव हुआ। प्रदर्शनकारियों ने पीएम पीएम पेड्रो सांचेज और परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते के इस्तीफे की मांग की है। कुछ लोगों ने उन्हें 'मौत का मंत्री' तक कहा। लोगों ने पुलिस पर बोतलें और पटाखे फेंके।

सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

मैड्रिड में परिवहन मंत्रालय के बाहर करीब 500 प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने स्पेन के झंडे और सरकार से जवाबदेही की मांग वाले बैनर लेकर प्रदर्शन किया।

खबर संक्षेप

भारत ने क्यूबा के पक्ष में मतदान किया

न्यूयॉर्क। भारत ने क्यूबा के खिलाफ अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक, वाणिज्यिक और वित्तीय



प्रतिबंधों को समाप्त करने की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। भारत ने कहा कि कैरेबियाई देश को अपनी विकास आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करने के लिए इन प्रतिबंधों को हटाया जाना चाहिए।

इजराइल चुनाव: स्पष्ट बहुमत नहीं, पेंच फंसा

तेल अवीव। इजराइल में चुनाव के बाद विपक्षी नेता आइजनकोट सरकार बनाने की कोशिशों में जुट गए हैं। आइजनकोट ने डेमोक्रेट्स पार्टी के प्रमुख यायर गोलान, बियाचाद के प्रमुख नफ्ताली बेनेट और विपक्षी नेता यायर लैपिड से मुलाकात की है। आइजनकोट ने आरोप लगाया कि नेतन्याहू और उनकी लिकुड पार्टी नतीजों को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। नेतन्याहू ऐसा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें बहुमत नहीं मिला।

जामिया विवि में 20 साल बाद होंगे छात्र संघ चुनाव

नई दिल्ली। दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी प्रशासन छात्र संघ चुनाव करवाने को तैयार हो गया है। जामिया प्रशासन ने 29 अक्टूबर को एक नया ऑर्डर जारी किया है, जिसमें पहली बार टाइम-बाउंड डेडलाइन दी गई है। प्रशासन के मुताबिक, 16 जुलाई से एकडेमिक सेशन शुरू होगा। इसके के 6 हफ्तों के भीतर स्टूडेंट्स यूनियन के चुनाव कराए जाएंगे। संविधान पूरा करने की अंतिम तारीख 15 मई 2027 है। प्रशासन ने स्टूडेंट्स यूनियन के संविधान को तय समयसीमा में पूरा करने को कहा है। 2 नवंबर से ऑफलाइन क्लासेज फिर शुरू होंगी। इसके अलावा, आंदोलन के दौरान छात्रों पर जो शो-कॉज नोटिस, सस्पेंशन, रस्टिकेशन और कैंपस बैन लगाए गए थे, वे सब वापस लिए जाएंगे।

आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में राजनाथ सिंह की दो टूक

आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति, तबाह किया आतंकी ढांचा

एजेंसी ▶▶ सेबू

राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद-निरोध के क्षेत्र में भारत का अनुभव, कक्षा या सैद्धांतिक ज्ञान भर नहीं है बल्कि यह दशकों तक जमीनी स्तर पर सीमा पार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने का अनुभव हासिल हुआ है। आतंकवादियों के खिलाफ हमारी हर रणनीति, वास्तविक संचालन में परखी हुई है

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फिलीपींस के सेबू में आयोजित 'आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम प्लस)' को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति है। आतंकवादियों के खिलाफ भारत के दृष्टिकोण का एक बड़ा उदाहरण, हमने पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर में दिखाया था, जब हमने बड़ी संख्या में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया था। यह राज्य-प्रायोजित आतंक के खिलाफ, भारत के स्पष्ट दृष्टिकोण की भी घोषणा की गई थी। आतंकवाद-निरोध के क्षेत्र में भारत का अनुभव, कक्षा या सैद्धांतिक ज्ञान भर नहीं है बल्कि यह दशकों तक जमीनी स्तर पर सीमा पार सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने का अनुभव हासिल हुआ है। आतंकवादियों के खिलाफ हमारी हर रणनीति, वास्तविक संचालन में परखी हुई है और अपनी सफलता साबित कर दी गई है।

सामूहिक क्षमताओं और मजबूत करने की अपील

आसियान देशों के साथ साझा हितों के लिए तैयार



बैठक को संबोधित करते राजनाथ सिंह

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता आवश्यक

राजनाथ सिंह ने कहा कि आसियान के साथ हमारा जो दीर्घकालिक रणनीतिक जुड़ाव है, वह साझा हितों, आपसी सम्मान और व्यावहारिक सहयोग पर आधारित है। भारत अपने एडीएमएम-प्लस साझेदारों के साथ, अपनी व्यावहारिक और युद्ध-परीक्षित आतंकवाद विरोधी लड़ाई को साझा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, क्षमता-निर्माण कार्यक्रम और मजबूत खुफिया जानकारी साझा करने के माध्यम से हम अपनी सामूहिक क्षमताओं को और मजबूत कर सकते हैं। हम एक ऐसे इंडो-पैसिफिक का समर्थन करते हैं, जो सुरक्षित हो, मजबूत हो और जहां केवल शांति और स्थिरता की आकांक्षाएं नहीं बल्कि हमारे सामूहिक प्रयास के परिणाम हों। भारत ने हमेशा एशियाई केंद्र की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है।

समुद्री क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन हो

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज, जब वैश्विक व्यापार मार्गों को अलग-अलग प्रकार के नए अंतर्राष्ट्रीय आदर्शों का सामना करना पड़ रहा है, तब समुद्री सुरक्षा के प्रति केवल बयान देना पर्याप्त नहीं है। भारत का कानून का नियम और विशेष रूप से समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन पर जोर देना, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता को अवैध बनाना, किसी भी देश के खिलाफ नहीं है।

रक्षा 'यूथ ब्रिज' स्थापित करने का प्रस्ताव

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की ओर से एक मजबूत रक्षा "यूथ ब्रिज" स्थापित करने का प्रस्ताव है। इस ढांचे का उद्देश्य लोगों से लोगों की कनेक्टिविटी, डिजिटल नवाचार और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना होगा। सदस्य देश हमारे युवाओं की जोड़ी को जोड़ने में मदद करें।

पंजाब में बेटा न होने पर बेटी की ले ली जान

- होशियारपुर में पिता ने कृपाण से काटा
- फर्श पर मिली लाश, 12वीं में पढ़ती थी

एजेंसी ▶▶ होशियारपुर

होशियारपुर में गुरुवार एक पिता ने अपनी 17 साल की बेटी की हत्या कर दी। उसने बेटी को कृपाण से काटा और मौके से भाग निकला। मृतका 12वीं क्लास में पढ़ती थी। सूचना मिलने पर थाना हरियाणा की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी बेटा न होने से नाराज रहता था। पुलिस ने मृतका की मां के बयान पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

हरियाणा कस्बे के धूत कलां गांव का मामला

परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है मामला हरियाणा कस्बे के धूत कलां गांव का है। मृतका इंद्रप्रीत कौर सरकारी स्कूल धूत कलां में पढ़ती थी। गुरबाणी सदस्यों के मुताबिक वह पढ़ाई में बहुत होशियार थी। वहीं बेटी की मौत के बाद मां और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।उसने बताया कि वह अमृतधारी है।

टाइगर श्रॉफ : मुंबई अपराध शाखा ने सोनीपत से एक और आरोपी पकड़ा

मुंबई (भाषा)। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी के सिलसिले में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने हरियाणा के सोनीपत से एक और संदिग्ध को हिरासत में लिया है।

एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, पुलिस ने मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से कई हरियाणा के हैं। अधिकारी ने बताया कि सोनीपत में स्थानीय पुलिस की मदद से संदिग्ध को पकड़ा गया है और उसे मुंबई लाने के लिए कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अपराध शाखा मामले की जांच के तहत कई राज्यों में छापेमारी कर रही है। टाइगर 18 अक्टूबर की शाम को जब मुंबई के जुहू इलाके में एक फुटबॉल मैदान से निकल रहे थे, तब दो हमलावरों ने उनकी कार पर पांच गोलियां चलाईं। घटना में टाइगर बाल-बाल बच गए, लेकिन उनका चालक और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों ने कथित तौर पर इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

भारत की समुद्र में बड़ी बादशाहत

नौसेना को मिली बिना चालक वाली पहली 'स्वदेशी' नाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वर्तमान समय में युद्ध लड़ने के तरीकों में बड़ा बदलाव हो रहा है। ऐसे समय में भारत ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारत अब उन चुनिंदा देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है जो अनमैन्ड सरफेस वेसल यानी यूएसवी बना सकते हैं। इसका मतलब है पानी पर चलने वाली ड्रोन नाव। जिसका इस्तेमाल रूस-यूक्रेन युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में हो रहा है। यह उपलब्धि केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है बल्कि आत्मनिर्भर


अनमैन्ड सरफेस वेसल

भारत मिशन के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। पुणे की निजी रक्षा कंपनी सागर डिफेंस इंजीनियरिंग ने स्वदेशी अनमैन्ड सरफेस वेसल (यूएसवी) का निर्माण किया है।

घर वापस आने का कर रहे इंतजार

6 महीने से कराची पोर्ट पर फंसे 6 भारतीय नाविक, लगाई गुहार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आठ महीने पहले 25 फरवरी को विनीत किशोर मिश्रा केवर नाम के जनरल कार्गो जहाज पर बतौर चीफ ऑफिसर सवार हुए थे।

ईरान और ओमान के समुद्री रास्तों से होते हुए यह जहाज 17 अप्रैल को पाकिस्तान के कराची बंदरगाह पर पहुंचा। तब से विनीत और उनके साथ पांच अन्य भारतीय नागरिक इस बंदरगाह पर फंसे हुए हैं और उनके घर वापसी को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। विनीत का परिवार उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने की गुहार लगाते हुए पीएम नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से लगातार मदद की अपील कर रहा है। विनीत यूपी के प्रयागराज के रहने वाले हैं और उनके दो बच्चे हैं। विनीत की पत्नी नेहा मिश्रा के अनुसार, कराची पहुंचते ही एक ईरानी कंपनी और बंदरगाह के अधिकारियों के बीच हुए विवाद के चलते जहाज को जब्त कर लिया गया।


विनीत मिश्रा

अंतरिम सरकार के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम का दावा

बांग्लादेश में साजिश से गिराई गई हसीना सरकार तख्तापलट से 2 दिन पहले यूनुस छात्रों से मिले

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में साजिश के तहत शेख हसीना की सरकार गिराई गई थी। उनके खिलाफ चल रहे आंदोलन के दौरान ही छात्र नेताओं ने इस बात पर चर्चा शुरू कर दी थी कि उनके बाद देश की कमान कौन संभालेगा। यह दावा अंतरिम सरकार के सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस के पूर्व प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने किया है। आलम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि छात्रों ने यूनुस से संपर्क करने में फ्रांस की न्यूज एजेंसी एफपी के पत्रकार कादरुद्दीन शिशिर की मदद ली थी।


शफीकुल आलम

हसीना के भागने का वीडियो बनाने वाले अफसर की मौत



बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने का वीडियो रिकॉर्ड करने वाले पूर्व एयरफोर्स अधिकारी केएम तौसीफ सौरी की मौत हो गई है। उनका शव गुरुवार को ढाका की तुराग नदी में मिला। 28 साल के फ्लाइट लेफ्टिनेंट सौरी 27 अक्टूबर से लापता थे। परिवार ने आरोप लगाया है कि हसीना का वीडियो साझा करने के कारण उन्हें परेशान किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि उनकी मौत डूबने से हुई, उन्होंने आत्महत्या की या उनकी हत्या की गई। आलम ने दावा किया कि सुरक्षा एजेंसियों को इस बातचीत की जानकारी नहीं थी। अगर अधिकारियों को इसका पता चल जाता तो शिशिर और एएफपी की पूरी टीम को खतरा हो सकता था।

98 संस्थानों और भारत के 29 चिड़ियाघरों के प्रतिनिधियों ने साझा किए अनुभव

वन्यजीव संरक्षण के लिए 30 देशों के विशेषज्ञ वनतारा में जुटे

जामनगर। वन्यजीवों का संरक्षण किसी एक देश या संस्थान के प्रयासों से संभव नहीं है। इसके लिए साझा ज्ञान, वैज्ञानिक शोध, आधुनिक तकनीक और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। इसी उद्देश्य के साथ गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा में 26 से 29 अक्टूबर तक यूरेशियन रीजनल एसोसिएशन ऑफ जूज एंड एक्वेरियम (ईएआरएजेडए) का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 30 देशों के 98 संस्थानों और भारत के 29 चिड़ियाघरों के



प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में वन्यजीव संरक्षण, पशु कल्याण, संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण और चिड़ियाघरों के प्रबंधन में तकनीक के इस्तेमाल पर चर्चा हुई।

सम्मेलन के दौरान वनतारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवान करानी ने घोषणा की कि चिड़ियाघरों के प्रबंधन और सूचनाओं के आदान-प्रदान में मदद करने वाला क्लाउड आधारित एएनटीजेड सॉफ्टवेयर एक वर्ष तक ईएआरएजेडए के सभी सदस्य संस्थानों को मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य संस्थानों के बीच समन्वय बढ़ाना और वन्यजीवों की देखभाल से जुड़ी प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाना है।

संरक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल

सम्मेलन में आधुनिक तकनीक और नवाचार भी आकर्षण का केंद्र रहे। एएनटीजेड प्लेटफॉर्म के तहत प्रदर्शित 'वेस्पर' उपकरण कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से ध्वनियों का विश्लेषण कर प्रजातियों की पहचान करने में सहायता करता है। 'स्मार्ट एग एनालिसिस' तकनीक से अंडों का माप लेने और उनकी आंतरिक स्थिति की जांच करने की सुविधा दिखाई गई।

सम्मेलन में संकटग्रस्त प्रजातियों पर मंथन

सम्मेलन में अमूर बाघ, ओरिएंटल स्टॉर्क, ब्लैकिस्टन ईगल आउल और ग्रेट बस्टर्ड जैसी प्रजातियों के संरक्षण कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बोइगा प्रजाति के सांपों और लंबे कानों वाले हेजहॉग को उनके प्राकृतिक आवास में दोबारा बसाने के प्रयासों पर भी अनुभव साझा किए गए। इसके अलावा मानव-वन्यजीव संघर्ष, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा, जैव सुरक्षा, पशु पोषण और पशु कल्याण के आकलन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन तीन बार ग्रैमी पुरस्कार जीत चुके संगीतकार और पर्यावरणविद् रिकी केज की प्रस्तुति के साथ हुआ। ईएआरएजेडए की अध्यक्ष स्वेतलाना अकुलोवा, भारतीय विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर रमन सुकुमार और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के सदस्य सचिव डॉ. वी. क्लेमेंट बेन ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। विवान करानी ने कहा कि वनतारा का अर्थ जंगल का तारा है, लेकिन पूरे आकाश को रोशन करने के लिए तारों का समूह जरूरी है। संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए संस्थानों को एक-दूसरे के अनुभवों से सीखना और अपनी विशेषज्ञता साझा करनी होगी।

हरियाणा समेत छह राज्यों में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली (भाषा)। निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना और नगालैंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यक्रम में बृहस्पतिवार को संशोधन किया। समयसीमा में यह संशोधन संबंधित राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के अनुरोध के बाद किया गया है। निर्वाचन आयोग ने पांचों राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेश दिल्ली को समयसीमा बढ़ाने के संबंध में अलग-अलग पत्र भेजे हैं। महाराष्ट्र में दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर से बढ़ाकर 13 नवंबर कर दी गई है। दावों और आपत्ति का निस्तारण अब 25 नवंबर तक होगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 नवंबर को किया जाएगा। मसौदा मतदाता सूची 31 अगस्त को जारी की गई थी और दावों के निस्तारण की अंतिम तिथि पहले 10 नवंबर तय की गई थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28